आज का विचार

खुद को एक सोने के सिक्के जैसा बनाइये, जो कि अगर नाली में भी गिर जाए तो भी उसकी कीमत कम नहीं होती है..!!

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



2

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । बुधवार, 13 मार्च, 2025 वर्ष 23, अंक 64, मूल्यः 3 रुपए, पृष्ठ 8 RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया

संवाददाता
चंडीगढ़




राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 140 वर्षों में पंजाब विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक, खेल, शोध और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इस विश्वविद्यालय ने 17 बार मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी जीती है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय के एथलीटों के समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर देश को बेहद गौरवान्वित किया है। राष्ट्रपति ने शिक्षा-उद्योग संबंध को बढ़ावा देने के लिए पंजाब विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के नीति निमार्ताओं से विश्वविद्यालय-उद्योग संबंध और भविष्य की तैयारी पर अधिक काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में विषय अनुप्रयोग आधारित शिक्षा होनी चाहिए। शिक्षा से विद्यार्थियों को उनकी जीवन यात्रा में सहायता मिलनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा और प्रतिस्पर्धा की भावना में वृद्धि होगी। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक विद्यार्थी चुनौतियों का सामना करने के लिए सकारात्मक मानसिकता और उन्नत कौशल से युक्त हो। उभरती प्रौद्योगिकियों का ज्ञान प्राप्त करना और उनका निरंतर विकास करते हुए उनका उचित उपयोग करने की क्षमता सफलता के लिए आवश्यक होगी। यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में पढ़ने का अवसर मिला। इस विश्वविद्यालय ने समाज को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नोबेल पुरस्कार विजेताओं से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई महान व्यक्तित्व दिए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से इस विरासत को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने प्रयासों और दूरदर्शी सोच के माध्यम से समाज, राष्ट्र और विश्व के लिए प्रभावी योगदान दे सकते हैं और अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

## पाकिस्तान में ट्रेन पर हमला, 30 उग्रवादी ढेर

### बलूचिस्तान प्रांत की घटना, 190 यात्रियों को बचाया गया

एजेंसी (हि.स.)
कराची/इस्लाबामाद



पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अपहृत की गई रेलगाड़ी के 190 यात्रियों को बचाते हुए 30 उग्रवादियों को मार गिराया। सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बलूच उग्रवादियों ने मंगलवार को एक सुरंग में हमला कर इस रेलगाड़ी पर कब्जा कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों एवं उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 400 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी उग्रवादियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली।उग्रवादियों ने छह सैनिकों की हत्या कर दी हालांकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने अब तक मारे गये लोगों की पुष्टि नहीं की है।

सेना और फ्रंटियर कोर सहित सुरक्षा बल क्वेटा से 160 किलोमीटर दूर एक सुरंग में गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास ट्रेन पर नियंत्रण करने वाले उग्रवादियों का मुकाबला कर रहे हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि जब तक सभी यात्रियों को बचा नहीं लिया जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। रिंद ने कहा कि बंधक स्थिति के कारण सुरक्षा बल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती जैकेट पहने कुछ उग्रवादियों ने महिलाओं और बच्चों को एकत्र कर उन्हें अपने पास बैठने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि आत्मघाती हमलावरों के साथ महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी के कारण अभियान को बेहद सावधानी से अंजाम दिया जा रहा है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान में अब तक 30 उग्रवादी मारे गए हैं जबकि 190 यात्रियों को बचा लिया गया है।

सूत्रों के मुताबिक, घायल हुए करीब 30 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रेन के मुख्य इंजन में सवार दो चालक और आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह पहली बार है जब बलूचिस्तान प्रांत में बीएलए या किसी भी उग्रवादी समूह ने यात्री ट्रेन को हाइजैक करने का सहारा लिया है, हालांकि पिछले वर्ष उन्होंने प्रांत के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों, प्रतिष्ठानों और विदेशियों पर हमले बढ़ा दिए थे। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि हमले में कितने उग्रवादी शामिल हैं लेकिन उनमें से कुछ अपने आकाओं के संपर्क में रहने के लिए सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तान रेलवे ने पेशावर और क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आपात स्थिति डेस्क स्थापित की है क्योंकि चिंतित रिश्तेदार अपने प्रियजनों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए पहुंच रहे हैं। पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा से पेशावर के लिए ट्रेन सेवाएं फिर से शुरू की थी। पाकिस्तानी मीडिया ने इससे पहले उस सुरंग के पास भीषण गोलीबारी और विस्फोट की खबर दी है, जहां उग्रवादियों ने ट्रेन पर हमला किया। विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने महिलाओं और बच्चों को मुक्त कर दिया है, लेकिन अधिकारियों ने इस दावे का खंडन किया और गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी ने कहा कि बंधकों को सुरक्षा बलों ने छुड़ाया है। जिस इलाके में ट्रेन रुकी, वहां के जिला पुलिस अधिकारी राणा मुहम्मद दिलावर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है लेकिन ऐसी खबरें हैं कि उग्रवादियों ने कुछ महिलाओं और बच्चों को बंधक बना लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रेन में करीब चार से पांच सरकारी अधिकारी सवार थे।

पेशावर रेलवे स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी तारिक महमूद ने कहा कि लोगों को सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बीएलए ने दावा किया कि उसने ट्रेन को पटरी से उतारकर उस पर कब्जा कर लिया। समूह ने कहा कि उसने छह सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी है। बीएलए ने एक बयान में चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई अभियान चलाती है, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। इस समूह पर पाकिस्तान, ब्रिटेन और अमेरिका में प्रतिबंध है। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में उग्रवादी हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है। पिछले वर्ष नवंबर में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम से उड़ा लिया था जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी और 62 अन्य घायल हो गए थे। इसके बाद रेलवे ने कई सेवाएं स्थगित कर दी थीं।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में की घोषणा

## हरियाणा में अगर शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम पर हस्तांतरित की गई है तो उसकी जांच की जाएगी

संवाददाता
चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज सदन में घोषणा करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में अगर कहीं भी किसी भी गांव की शामलात देह भूमि वक्फ बोर्ड के नाम की गई है तो इसकी पूरी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि रोहतक - गोहाना मार्ग पर स्थित पीर बोधी मामले में जाँच के लिए रोहतक मंडलायुक्त के तत्वावधान में एक कमेटी का गठन किया जायेगा। करनाल मंडलायुक्त और जिला उपायुक्त रोहतक इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी पीर बोधी मुदde से संबंधित सारे तथ्य और रिकॉर्ड की गहनता से जांच करेगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सदन में सदस्य द्वारा उठाये गया पीर बोधी मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिए और अब तक की जाँच में जो तथ्य सामने आये हैं इसमें खुलासा हुआ कि 1967-68 में यह भूमि शामलात देह भूमि थी। वर्ष 1990 में यह भूमि भारत सरकार द्वारा पंजाब वक़्फ़ बोर्ड के नाम अधिसूचित कर दी गई। तत्पश्चात, यह भूमि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज की गई। अब यह भूमि वक़्फ़ बोर्ड के नाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शामलात देह भूमि को वक्फ बोर्ड को कैसे स्थानांतरित किया गया ये बड़ा गंभीर विषय है। इसके पीछे कौन सी ताकतें थीं और कौन लोग थे और उन्होंने कैसे इसको वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया। अब 2024 में एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद यह जमीन वक्फ बोर्ड के प्रबंधन में आई तथा अब लीज पर दी हुई है। सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जोहड़, तालाब और जलाशय के सरंक्षण के लिए संकल्पबद्ध है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्राम शामलात भूमि (विनियमन) अधिनियम 2024 में संशोधन किया। इसमें शामलात देह भूमि पर 500 गज तक मकान बना कर रह रहे लोगों को मालिकाना हक दिया। लेकिन इसमें यह कहा गया की अगर वहां पर जोहड़, तालाब या जलाशय है, तो मकान नहीं बनाया जा सकेगा। हमारी सरकार ने जोहड़ , तालाब और जलाशयों को संरक्षित करने का काम किया है।

सैनी ने विधान सभा में स्थानीय निकाय चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज के नतीजों ने यह साबित कर दिया कि हरियाणा की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के साथ है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में जनता ने बड़े बहुमत के साथ प्रदेश के नॉनस्टॉप विकास के लिए शहरों को आज तीसरा इंजन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के मार्ग में ग्रामीण आँचल के साथ साथ शहरों की एक बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए चुने हुए नेतृत्व में शहरों की सरकारे जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य और जन सेवा को और अधिक गति प्रदान करेंगी। श्री नायब सिंह सैनी ने शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए निकाय चुनावों के लिए प्रदेश की जनता, राज्य चुनाव आयोग और चुनाव की प्रक्रिया से जुड़े तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों का भी धन्यवाद व्यक्त किया।

## नायब ने चंडीगढ़ से मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता
चंडीगढ़




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत अयोध्या के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने बस को रवाना करने से पहले बस में सवार तीर्थ यात्रियों से बात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने तीर्थ यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू कर रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना भी उसी का एक हिस्सा है, जिसमें प्रदेश सरकार 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा करवा रही है। इस योजना में वे परिवार शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए तक या इससे कम है। इस यात्रा में अंबाला व पंचकूला के लगभग 46 यात्री शामिल हैं। सभी यात्री अयोध्या जी दर्शन करेंगे उसके उपरांत हनुमान गढ़ी और सरयू नदी में स्नान करेंगे। योजना के तहत अब तक 800 से अधिक यात्रियों को तीर्थ स्थलों के दर्शन करवाए गए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

## आईआईटी दिल्ली, आईएसएम धनबाद सहित नौ भारतीय संस्थान शीर्ष 50 में शामिल

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली



फोटो : हि.स.

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग बाय सब्जेक्ट 2025 में नौ भारतीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों ने विशिष्ट विषयों में वैश्विक शीर्ष 50 में जगह बनयी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने इंजीनियरिंग में वैश्विक स्तर पर 26वां स्थान प्राप्त किया, जबकि इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (आईएसएम), धनबाद ने खनिज और खनन इंजीनियरिंग श्रेणी में वैश्विक स्तर पर 20वां स्थान हासिल किया।

आज घोषित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2025 के अनुसार, आईआईटी दिल्ली 26वें स्थान के साथ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के व्यापक विषय क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष 30 संस्थानों में शामिल है। आईआईटी दिल्ली ने अपने पिछले साल के 45वें स्थान को सुधार कर 26वां स्थान प्राप्त किया है। भारत में आईआईटी दिल्ली इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी श्रेणी में शीर्ष संस्थान के रूप में उभरा है। प्राकृतिक विज्ञान श्रेणी में संस्थान ने 146वां स्थान प्राप्त किया है और सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन श्रेणी में इसने 75वां स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी बॉम्बे को 82.3 अंकों के साथ इंजीनियरिंग में 28वां स्थान मिला है और कला वर्ग में भी 192वां स्थान मिला है। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद ने व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन श्रेणी में 27वां स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा भारत में पहले स्थान पर रहने वाले आईआईटी मद्रास ने वैश्विक स्तर पर इंजीनियरिंग में 53वां स्थान हासिल किया है। ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने लगातार छठे साल कानून और कानूनी अध्ययन में भारत के संस्थानों में रैंक-1 हासिल किया है। विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में 100 देशों और क्षेत्रों के 1,700 से अधिक विश्वविद्यालयों के 21,000 से अधिक शैक्षणिक कार्यक्रमों की तुलना की गई, जिसमें पांच संकाय क्षेत्रों में 55 विषय शामिल थे।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को 1,890 करोड़ रु0 की धनराशि का रिफिल सिलेण्डर सब्सिडी वितरण कार्यक्रम

## लोग पर्व-त्योहार अच्छे ढंग से मना सकें, इसलिए प्रदेश सरकार होली के पहले यह उपहार प्रदान कर रही: योगी आदित्यनाथ

संवाददाता
लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की थी। यह योजना खाना बनाते समय माताओं, बहनों की आंखों को धुएं से बचाने में कारगर सिद्ध हुई है। इस योजना के अन्तर्गत पूरे देश में 10 करोड़ परिवारों और उत्तर प्रदेश में लगभग 02 करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। प्रधानमंत्री के ह्यसबका साथ सबका विकासह्न के मंत्र को अपनाते हुए बिना भेदभाव के इस योजना का लाभ गरीबों को प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री यहां लोक भवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रदेश के1.86 करोड़ परिवारों को 1,890 करोड़ रुपये की धनराशि के रिफिल सिलेण्डर सब्सिडी वितरण कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेशव्यापी रसोई गैस रिफिल सिलेण्डर सब्सिडी अन्तरित की। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक सिलेण्डर रिफिल पर 508.14 रुपये की सब्सिडी धनराशि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते में अन्तरित की जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ लाभार्थियों को रिफिल सिलेण्डर सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक वितरित किये। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग पर्व-त्योहार अच्छे ढंग से मना सकें, इसलिए प्रदेश सरकार होली के पहले यह उपहार प्रदान कर रही है। होली भी है और रमजान का महीना भी चल रहा है, इसलिए हर लाभार्थी इसका लाभ ले लेगा। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 01 करोड़ 86 लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए 1,890 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता रसोई गैस का सिलेण्डर फ्री में रिफिल कराने की दृष्टि से जारी की जा रही है। जिन लोगों ने अभी तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वह अपना अविलम्ब रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे उनको इस सब्सिडी का लाभ मिल सके और होली के अवसर पर निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर प्राप्त हो सके। राज्य सरकार ने वर्ष 2021 में यह घोषणा की थी कि वर्ष 2022 में सरकार आते ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हर लाभार्थी को निःशुल्क भरा हुआ रसोई गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें एक बार में 1,890 करोड़ रुपये और दो बार में कुल 3,760 करोड़ रुपये का खर्च आता है। राज्य सरकार अपने बजट से इसके लिये धनराशि उपलब्ध कराती है। लोग जब अच्छी सरकार चुनते हैं, तो सरकार भी उसी प्रकार से विकास एवं लोक कल्याण के कार्य करती है। पहले लोगों को आसानी से रसोई गैस कनेक्शन ही नहीं मिल पाता था। पर्व एवं त्योहारों पर रसोई गैस सिलेण्डर के लिये लोग परेशान होते थे। प्रदेश में 80 हजार राशन कोटे की दुकानें हैं। इन उचित दर दुकानों से पहले गरीबों को सही से राशन नहीं मिल पाता था। लोग घटतौली से प्रभावित थे। वर्ष 2017 से राज्य सरकार ने उचित दर दुकानों की व्यवस्था को ठीक किया। पूरी व्यवस्था को मॉनिटरिंग से जोड़ा है। उचित दर दुकानों में ई-पॉस मशीन का उपयोग करते हुए खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है। ई-पॉस मशीन से छेड़-छाड़ करने वालों पर तत्काल कार्यवाही की जाती है। एफ0सी0आई0 गोदाम से खाद्यान्न सीधे उचित दर दुकानों तक लाया जाता है। खाद्यान्न लाने वाले इन वाहनों की ट्रैकिंग की जाती है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से कोरोना कालखण्ड से अब तक लगातार विगत 05 वर्षों से देश में 80 करोड़ लोगों को और उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है।

# प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के महापौर/प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए मतगणना का कार्य संपन्न, चुनाव परिणाम घोषित : धनपत सिंह

## प्रदेश की अधिकतर सीटों पर भारतीय जनता पार्टी और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की

**संवाददाता**

चंडीगढ़

हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के महापौर/प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए मतगणना का कार्य संपन्न हो गया है तथा चुनाव परिणाम जारी किये जा चुके हैं। सभी सम्बन्धित नगर निकायों में विजेता प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा चुने जाने का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। नगर निगम, मानेसर में महापौर (मेयर) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी डा. इंद्रजीत यादव विजेता रहे। यहां भाजपा प्रत्याशी सुंदर लाल दूसरे स्थान पर रहे। डा. इंद्रजीत यादव को 26,393 वोट तथा सुंदर लाल को 24,100 वोट मिले।

नगर निगम गुरूग्राम में महापौर (मेयर) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती राज रानी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती सीमा पाहुजा को 1,79,485 वोटों से हराया। श्रीमती राज रानी को 2,70,781 वोट तथा श्रीमती सीमा पाहुजा को 91,296 वोट मिले। नगर निगम फरीदाबाद में महापौर (मेयर) पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रवीण जोशी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती लता रानी को 3,16,852 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। श्रीमती प्रवीण जोशी को 4,16,927 वोट जबकि श्रीमती लता रानी को 1,00,075 वोट मिले।

नगर निगम हिसार में महापौर (मेयर) पद पर भाजपा प्रत्याशी प्रवीन पोपली विजेता रहे। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस के कृष्ण टीटू सिंगला को 64,456 वोटों से हराया। प्रवीण पोपली को 96,329 वोट तथा कृष्ण टीटू सिंगला को 31,873 वोट मिले। नगर निगम रोहतक में महापौर (मेयर) पद पर भाजपा प्रत्याशी राम अवतार ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी सूरजमल किलोई को 45,198 वोटों से हराकर जीत दर्ज की।

राम अवतार को 1,02,269 वोट तथा सुरजमल किलोई को 57,071 वोट मिले। नगर निगम करनाल में महापौर (मेयर) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेणु बाला गुप्ता ने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी मनोज वधवा को 25,359 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। श्रीमती रेणु बाला गुप्ता को 83,630 वोट तथा मनोज वधवा को 58,271 वोट प्राप्त हुए। नगर निगम यमुनानगर में महापौर (मेयर) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन बहमनी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की श्रीमती किरणा देवी को 73,319 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। श्रीमती सुमन बहमनी को 1,26,749 वोट तथा श्रीमती किरणा देवी को 53,430 वोट मिले। नगर निगम पानीपत में महापौर (मेयर) पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कोमल सैनी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की श्रीमती सविता संजय गर्ग को 1,23,170 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। श्रीमती कोमल सैनी को 1,62,075 वोट तथा श्रीमती सविता संजय गर्ग को 38,905 वोट मिले। नगर निगम अम्बाला में महापौर (मेयर) पद के उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शैलजा संदीप सचदेवा ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती अमीशा चावला को 20,487 वोटों से हराकर जीत दर्ज की।

श्रीमती शैलजा संदीप सचदेवा को 40,620 वोट तथा श्रीमती अमीषा चावला को 20,133 वोट मिले। इसी प्रकार नगर निगम सोनीपत में महापौर (मेयर) पद के उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन विजेता रहे। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी कमल दीवान को 34,749 वोटों से हराया। राजीव जैन को 57,858 वोट तथा कमल दीवान को 23,109 वोट प्राप्त हुए। नगर परिषद अम्बाला सदर में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती स्वर्ण कौर ने 26,923 वोटों के अंतर से जीत हासिल की। जबकि दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती मनदीप कौर बब्याल रहीं।

श्रीमती स्वर्ण कौर को 58,891 तथा श्रीमती मनदीप कौर बब्याल को 31,968 वोट हासिल हुए। नगर परिषद पटौदी-जटौली मंडी में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रवीण ठाकरिया ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती राजरानी सुधीर चौधरी को 1,891 वोटरों से हराया। श्रीमती प्रवीन ठाकरिया को 12,356 वोट तथा श्रीमती राजरानी सुधीर चौधरी को 10,465 वोट मिले।



फोटो : हि.स.

नगर परिषद थानेसर में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती माफी देवी ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती सुनीता कुमारी को 32,577 वोटों से हराकर जीत हासिल की। श्रीमती माफी देवी को 47,828 वोट तथा श्रीमती सुनीता कुमारी को 15,251 वोट प्राप्त हुए। नगर परिषद सिरसा में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी शान्ति स्वरूप ने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती जसविन्द्र कौर को 12,379 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। शान्ति स्वरूप को 41,061 वोट तथा जसविन्द्र कौर को 28,682 वोट मिले। नगर परिषद सोहना में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद के उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रीती विजेता रही। उन्होंने इंडियन नेशनल कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती ललिता को 4,504 वोटों से हराया। श्रीमती प्रीती को 11,191 वोट तथा श्रीमती ललिता को 6,687 वोट मिले।

नगर पालिका बराड़ा (अम्बाला) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय रजत ने भाजपा के हरजिन्द्र सिंह को 1,993 वोटों से हराया। रजत को 6,307 वोट और हरजिन्द्र सिंह को 4,314 वोट मिले। नगर पालिका बवानी खेड़ा (भिवानी) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी सुंदर शर्मा ने 1,385 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। सुंदर शर्मा को 5,202 वोट और निर्दलीय प्रत्याशी पंकज को 3,817 वोट मिले। नगर पालिका सिवानी (भिवानी) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती वंदना केडिया ने 1,251 वोटों के अंतर से निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती अनु लोहिया को हराया। श्रीमती वंदना केडिया ने 5,277 तथा श्रीमती अनु लोहिया ने 4,026 वोट हासिल किये। नगर पालिका लौहारू (भिवानी) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी प्रदीप कुमार 43 वोटों के अंतर से विजेता रहे। प्रदीप कुमार को 1,459 तथा उनके निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी रामभगत को 1,416 वोट मिले। नगर पालिका जाखल मंडी (फतेहाबाद) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी विकास कुमार विजेता रहे।

दूसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्र मितल रहे। विकास कुमार को 4,571 और सुरेन्द्र मितल को 3,252 वोट मिले। नगर पालिका फर्रूखनगर (गुरूग्राम) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी बीरबल सैनी ने 3,364 मत हासिल करके विजय रहे। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार (2,207 वोट) को 1,157 वोटों से हराया। नगर पलिका नारनौंद (हिसार) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी शमशेर सिंह उर्फ कुक्कन विजेता रहे जबकि दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी कुलदीप गौतम रहे।

शमशेर सिंह को 4,639 और कुलदीप गौतम को 4,161 वोट प्राप्त हुए। नगर पालिका बेरी (झज्जर) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी अजीत कादियान को 1,342 मतों के अन्तर से हराया। देवेन्द्र सिंह को 4,505 तथा अजीत कादियान को 3,163 वोट मिले। नगर पालिका जुलाना (जीन्द) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी संजय कुमार ने निर्दलीय प्रत्याशी जोगिन्द्र को 671 वोटों के अन्तर से हराया। संजय कुमार ने 3,771 तथा जोगिन्द्र ने 3,100 मत प्राप्त किये। नगर पालिका सीवन (कैथल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती हेमलता विजेता रही जबकि दूसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शैली मुंजाल रही। श्रीमती हेमलता को 3,594 तथा श्रीमती शैली मुंजाल को 3,331 वोट मिले। नगर पालिका पूंडरी (कैथल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती बबली गोस्वामी ने निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती गुडडी देवी को 1,329 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। श्रीमती बबली गोस्वामी को 4,827 और श्रीमती गुडडी देवी को 3,498 मत प्राप्त हुए। नगर पालिका कलायत (कैथल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी अंकित जैलदार विजेता रहे। दूसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी मैनपाल रहे। अंकित जैलदार को 5,824 तथा मैनपाल को 2,862 वोट मिले। नगर पालिका नीलोखेड़ी (करनाल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सनमीत कौर ने निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम कुमार को 1,412 वोटों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। श्रीमती सनमीत कौर को 4,983 और प्रेम कुमार का 3,571 वोट मिले। नगर पालिका इंद्री (करनाल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी राकेश कुमार 4,863 वोट लेकर विजेता रहे तथा भाजपा के उम्मीदवार जसपाल 3,911 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे।

नगर पालिका अटेली मंडी (महेन्द्रगढ़) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार विजेता रहे। उन्होंने निर्दलीय भूपेश कुमार को 456 वोटों के अंतर से हराया। संजय कुमार को 2,351 तथा भूपेश कुमार को 1,895 वोट मिले।

नगर पालिका कनीना (महेन्द्रगढ़) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी रिम्पी कुमारी 3,138 मत प्राप्त करके विजेता रही जबकि निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती सुमन चौधरी दूसरे स्थान पर रही उन्हें 2,572 मत प्राप्त हुए। नगर पालिका तावडू (गुरूग्राम) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती सुनीता सोनी 117 वोटों के अंतर से विजेता रही। दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती पायल सोनी रही। श्रीमती सुनीता सोनी को 3,257 और श्रीमती पायल सोनी को 3,140 वोट मिले। नगर पालिका हथीन (पलवल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रेणु लता ने निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती आभा को 1,263 वोटों के अंतर से हराया। श्रीमती रेणु लता को 4,108 वोट तथा श्रीमती आभा को 2,845 वोट मिले। नगर पालिका कलानौर (रोहतक) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती निर्मला देवी ने निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती सोनिया को 5,945 मतों के अंतर से हराकर जीत हासिल की। श्रीमती निर्मला देवी को 9,339 तथा श्रीमती सोनिया को 3,394 वोट मिले।

नगर पालिका खरखौदा (सोनीपत) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी हीरा लाल ने निर्दलीय प्रत्याशी मैक्सीन को 4,425 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। हीरा लाल को 7,935 तथा मैक्सीन को 3,510 वोट मिले। नगर पालिका रादौर (यमुनानगर) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद पर भाजपा प्रत्याशी रजनीश मेहता विजेता रहे। उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी दलीप कुमार उर्फ रिंकू को 546 मतों से हराया। रजनीश मेहता को 3,659 तथा दलीप कुमार उर्फ रिंकू को 3,113 वोट मिले। इसी प्रकार नगर पालिका असंध (करनाल) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद के उप-चुनाव पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता रानी ने निर्दलीय प्रत्याशी एडवोकेट सोनिया बोहत को 3,221 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। श्रीमती सुनीता रानी को 4,651 तथा एडवोकेट सोनिया बोहत को 1,430 वोट मिले।

नगर पालिका इस्माइलाबाद (कुरुक्षेत्र) में प्रधान (प्रेजिडेंट) पद के लिए हुए उप-चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मेघा बंसल ने निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती दीपशिखा को 311 वोटों से हराकर जीत हासिल की। श्रीमती मेघा बंसल को 2,766 तथा श्रीमती दीपशिखा को 2,455 वोट मिले।

# अग्रवाल सभा की महिला विंग ने धूमधाम से मनाया होली पर्व

**संवाददाता**

लाडवा



श्री अग्रवाल सभा लाडवा की महिला विंग द्वारा मंदिर अठवाडियों वाला में होली का पावन त्यौहार महिला विंग की प्रधान वीणा बंसल के कुशल नेतृत्व में बड़ी हर्षोल्लास पूर्वक और धूमधाम से मनाया गया।

महिला विंग की प्रधान वीणा बंसल ने बताया कि होली का त्योहार बहुत ही पावन और पवित्र त्यौहार है। इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन हम सबको सब गिले शिकवे भूलाकर यह रंगों का त्योहार मनाना चाहिए। इस दिन को अपनी आपसी प्रेम, भाईचारा, सद्भावना के रूप में खुशी-खुशी मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला विंग ने सभी मानव जाति के कल्याण के लिए पहले हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया और राधा कृष्ण के भजनों पर जमकर डांस करते हुए फूलों की होली खेली और एक दूसरे को लाल गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

वहीं सभी में मिठाइयां भी बांटी गई। इस अवसर पर प्रधान वीणा बंसल, कृष्णा गोयल, रंजना गोयल, पूनम सिंघल, रेखा गर्ग, निर्मल गर्ग, अंजु गोयल, मोनिका अग्रवाल, सोनिया गोयल, कमल कंसल, कांता बंसल, शशि गोयल, कविता, शोभा, अश्वनी, उर्मिला, शालू, रुचि गोयल, राजदुलारी, बबीता मुद्रा, उषा गोयल, राजरानी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में जीते स्वर्ण पदक



लाडवा संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के विद्यार्थियों ने विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में भाग लिया। इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में स्कूल के 20 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविन्द्र बंसल, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र खेड़ा व अध्यापकों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय में प्रातःकालीन सभा में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया तथा प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र खेड़ा व विज्ञान अध्यापकों ने विद्यार्थियों को पदक प्रदान किए। अन्य विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि ओलंपियाड से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मकता, वैज्ञानिक सोच व विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रारम्भिक अवस्था में ही पहचानना बहुत जरूरी है, ताकि उन्हें जीवन में बेहतर मार्गदर्शन मिल सके। यदि कोई संस्थान प्रारम्भिक कक्षाओं में ही विद्यार्थियों की क्षमता व योग्यता को पहचान सके, तो विद्यार्थियों की ऊर्जा को उसी के अनुरूप दिशा दी जा सकती है।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय महाविद्यालय, लाडवा में डिजिटल साक्षरताः एनलिस्ट कार्यशाला का किया आयोजन

**संवाददाता**

लाडवा



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय महाविद्यालय, लाडवा में ₹डिजिटल साक्षरताः एनलिस्ट₹ विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लाइब्रेरियन डॉ. रूपेश गौड़ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज (डएफ) और एनलिस्ट (ठछक्रळ), ई-पीजी पाठशाला, ई-ज्ञानकोष जैसी डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों से परिचित कराना था ताकि वे अपनी शिक्षा और व्यावसायिक विकास को नए आयाम दे सकें। इस कार्यशाला में 60 छात्रों ने भाग लिया और डिजिटल लर्निंग टूल्स को समझने में गहरी रुचि दिखाई। डॉ. रूपेश गौड़, महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, ने छात्रों को पुस्तकालय द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी समझाया कि छात्र इन ई-संसाधनों का उपयोग अपनी पढ़ाई और करियर विकास के लिए कैसे कर सकते हैं। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं एनएसएस समन्वयक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें पुस्तकालय संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को डिजिटल ज्ञान प्लेटफार्मों के नियमित उपयोग की आदत डालने पर जोर दिया, ताकि वे न केवल अपनी शिक्षा को सशक्त बना सकें, बल्कि भविष्य में बेहतर रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकें। कार्यशाला का समापन इंटरएक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। उनकी सक्रिय भागीदारी ने यह दशार्या कि वे डिजिटल साक्षरता को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। कार्यशाला डिजिटल शिक्षा और पुस्तकालय संसाधन जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जो छात्रों को स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के महाविद्यालय के लक्ष्य के अनुरूप थी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज लाडवा में मनाएंगे होली पर्व

**अनिल गोयल**

लाडवा



भाजपा के लाडवा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने कहा कि 13 मार्च को लाडवा पिपली मार्ग पर स्थित ब्लू हेवन पैलेस में दोपहर 3 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बहुत ही सरल स्वभाव, मधुरभाषी और मिलनसार व्यक्तित्व के मालिक हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने हलके की जनता को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के हर व्यक्ति के दिल में बसे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि वह 13 मार्च को दोपहर 3:00 बजे ब्लू हेवन पैलेस में आयोजित होली मिलन समारोह में आकर सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियो व हल्के की जनता के साथ मिलकर होली जैसा पवित्र त्यौहार मनाएंगे और सभी हल्कावासियों व प्रदेशवासियों को होली पर्व की बधाई व शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने कहा कि इस समारोह में उन की धर्मपत्नी सुमन सैनी के साथ साथ अनेक हस्तियां भी शामिल होंगी।

# होली परंपरा, प्रसन्नता और आपसी भाईचारे की भावना का त्योहार है : विम्मी तनेजा

**संवाददाता**

लाडवा

किडजी और रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।इस मौके पर बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। नाटक रूपांतरण द्वारा होली के पीछे की कहानी (प्रह्लाद और होलिका) के दृश्य को दशार्या गया ।होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है ।इसके बाद सभी ने मिठाई खाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी ।इस मौके पर बच्चों को इको फ्रेंडली होली खेलने का संदेश दिया गया ।जिसमें ये बताया गया कि हमें केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।क्योंकि ये रंग हमारे आंखों और बॉडी को नुक्सान पहुंचाते हैं ।इस मौके पर यह संदेश दिया गया कि हमें फूलों की होली खेलनी चाहिए और पानी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए ।समापन के दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई एक बार फिर दी ।भारत में होली का त्योहार दो दिनों तक मनाया जाता है ।फागुन पूर्णिमा की रात को होलिका दहन किया जाता है,होली पर लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर एक दूसरे पर पानी और रंग फेंकते हैं। वे ढोल बजाकर गाते और नाचते हैं और मिठाइयाँ खाते हैं। यह त्योहार पिछले दुखों को भूलने और माफ करने और नए दोस्त बनाने और पुराने लोगों के साथ रिश्तों को मजबूत करने का भी समय है ।होली का पर्व एकता और प्रेम का प्रतीक है ।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। किडजीऔर रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।इस



मौके पर बच्चों ने एक दूसरे को रंग लगाया। नाटक रूपांतरण द्वारा होली के पीछे की कहानी (प्रह्लाद और होलिका) के दृश्य को दशार्या गया ।होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है। इसके बाद सभी ने मिठाई खाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी ।इस मौके पर बच्चों को इको फ्रेंडली होली खेलने का संदेश दिया गया ।जिसमें ये बताया गया कि हमें केमिकल वाले रंगों का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।क्योंकि ये रंग हमारे आंखों और बॉडी को नुक्सान पहुंचाते हैं ।इस मौके पर यह संदेश दिया गया कि हमें फूलों की होली खेलनी चाहिए और पानी का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए ।समापन के दौरान सभी ने एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई एक बार फिर दी ।भारत में होली का त्योहार दो दिनों तक मनाया जाता है ।फागुन पूर्णिमा की रात को होलिका दहन किया जाता है,होली पर लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर एक दूसरे पर पानी और रंग फेंकते हैं। वे ढोल बजाकर गाते और नाचते हैं और मिठाइयाँ खाते हैं ।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी' ।इस मौके पर मुस्कान मग्गो, गीता शर्मा, सोनिया, विशाखा, गीता, अदिति,हर सिमरन कविता,स्वाति ,गरिमा,श्रेया, शिवानी,मुस्कान,मंजू खुशी,निशा,पल्लवी,प्रीत,सालवीसिमरन ,सिमरन उपाध्याय,पल्लवी आदि अध्यापिका शामिल हुई।

## संपादकीय


# पीएम मोदी और सीएम नायब सैनी की नीतियों और रणनीतियों के चलते हरियाणा नगर निकाय चुनावों में भाजपा का 10 में से 9 सीटों पर कब्जा

जी हां भाजपा के कद्दावर नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों और रणनीतियों के चलते हरियाणा नगर निकाय चुनावों के परिणामों में भाजपा की सुनामी आ गई लगती है। भाजपा ने 10 में से 9 सीटों पर कब्जा हासिल कर जीत का अनूठा परचम लहराया है। इन चुनाव परिणामों से गदगद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता का आभार जताया और कहा कि उनकी सरकार प्रदेश के हर नागरिक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह 'ट्रिपल इंजन सरकार' अब पहले से अधिक तेज गति से विकास कार्य करेगी और हरियाणा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। हरियाणा में हुए इन नगर निकाय चुनावों में बीजेपी के उम्मीदवारों ने कई बड़े मार्जिन से जीत दर्ज की। फरीदाबाद में प्रवीन जोशी, हिसार में प्रवीन पोपली, करनाल में रेणुबाला गुप्ता, पानीपत में कोमल सैनी, रोहतक में रामअवतार वाल्मीकि, यमुनानगर में सुमन बहमनी, सोनीपत में राजीव जैन, अंबाला में सैलदा सचदेवा और गुरुग्राम में राजरानी मल्होत्रा ने बीजेपी का परचम लहराया। हरियाणा के नगर निकाय चुनावों की एक विशेषता यह रही कि इनमें महिलाओं ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की। 10 में से 7 नगर निगमों में महिला मेयर चुनी गईं, जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। यह सफलता बीजेपी के लिए न केवल राजनीतिक जीत है, बल्कि समाज में महिलाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा देती है। गौरतलब है कि यह जीत पार्टी के लिए इस वर्ष की चौथी बड़ी सफलता है, जिससे साफ जाहिर होता है कि जनता का भरोसा बीजेपी पर लगातार बना हुआ है। इससे पहले उत्तराखंड, गुजरात और छत्तीसगढ़ के स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया था। इन राज्यों में पहले से ही बीजेपी की सरकार थी और इन नगर निकाय चुनावों में जीत के बाद अब इसे 'ट्रिपल इंजन सरकार' कहा जा सकता है, जहां केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों में बीजेपी की सत्ता है। आइए जानते हैं भाजपा की इस जीत के प्रमुख कारणों के बारे में। यह सच है कि भाजपा ने हरियाणा में अपने संगठन को लगातार मजबूत किया है। बूथ स्तर तक कार्यकताओं की तैनाती और माइक्रो-मैनेजमेंट ने चुनावी रणनीति को कारगर बनाया। यही वजह है कि हरियाणा के प्रमुख नगर निगमों - फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल, यमुनानगर, गुरुग्राम और मानेसर में 2 मार्च को चुनाव हुए थे, जबकि अंबाला और सोनीपत में मेयर पद का उपचुनाव भी उसी दिन कराया गया था। इसके अतिरिक्त, 21 नगर पालिकाओं के लिए भी इसी दिन मतदान हुआ, जबकि पानीपत नगर पालिका के लिए 9 मार्च को वोट डाले गए थे। मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में राज्य सरकार ने कई विकास योजनाएं चलाईं, जिनमें सुशासन, पारदर्शिता, और भ्रष्टाचार पर लगाम शामिल है। जनता ने सरकार की नीतियों पर भरोसा जताया, जिसका फायदा भाजपा को मिला। दूसरी ओर हरियाणा में विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस और इनेलो (इंडियन नेशनल लोकदल), में आंतरिक कलह और गुटबाजी देखने को मिली। कमजोर संगठन और स्पष्ट नेतृत्व की कमी के कारण विपक्ष प्रभावी चुनौती पेश नहीं कर पाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाएं, जैसे कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, और आयुष्मान भारत, सीधे आम जनता तक पहुंची हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाने वाले मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया। इन चुनावों में भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति में राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के मुद्दों को प्रमुखता दी। यह रणनीति शहरी क्षेत्रों में भाजपा के कोर वोट बैंक को मजबूत करने में मददगार साबित हुई। भाजपा ने स्थानीय लोकप्रिय नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा, जिससे मतदाताओं के बीच विश्वास बढ़ा। इसके अलावा, सोशल मीडिया और ग्राउंड-लेवल प्रचार के जरिए मतदाताओं तक भाजपा की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाया गया। गर हम अन्य राज्यों में भी बीजेपी के जलवे की बात करें तो पायेंगे कि इस साल जनवरी में उत्तराखंड में हुए चुनावों में बीजेपी ने 11 में से 10 नगर निगमों में जीत दर्ज की थी। देहरादून, ऋषिकेश, कोटद्वार, पिथौरागढ़, हल्द्वानी, काशीपुर, अल्मोड़ा, हरिद्वार, रुड़की और रुद्रपुर में बीजेपी उम्मीदवारों को सफलता मिली थी, जबकि कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। इसके बाद गुजरात में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भी बीजेपी ने अपना दबदबा बनाए रखा। जूनागढ़ महानगरपालिका सहित 68 में से 60 नगर पालिकाओं और सभी तीन तालुका पंचायतों में बीजेपी विजयी रही। वहीं, कांग्रेस केवल देवभूमि द्वारका जिले की सलाया नगर पालिका में जीत दर्ज कर पाई थी। समाजवादी पार्टी ने भी दो नगर पालिकाओं में जीत हासिल की थी। गुजरात के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी बीजेपी ने अपनी जीत का परचम लहराया। वहां के 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों में चुनाव हुए थे, जिनमें बीजेपी ने महापौर की सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा, नगर पालिका की 35 सीटों और नगर पंचायत की 114 सीटों पर भी बीजेपी विजयी रही। कांग्रेस को सिर्फ आठ नगर पालिका सीटों पर जीत मिली थी। अगर हम विपक्ष की परफार्मेंस पर गौर करें तो हरियाणा नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पार्टी किसी भी नगर निगम में जीत दर्ज नहीं कर पाई। यहां तक कि कांग्रेस के मजबूत गढ़ माने जाने वाले रोहतक में भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। दो बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रभाव क्षेत्र में कांग्रेस के सूरजमल किलोई को बीजेपी प्रत्याशी ने 45,000 से अधिक वोटों से हराया। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा जो सिरसा से सांसद हैं, वहां भी पार्टी को हार मिली। सिरसा नगर परिषद में भी बीजेपी विजयी रही। यह दशार्ता है कि जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है और बीजेपी पर ही अपना भरोसा जताया है। अंत में कह सकते हैं कि हरियाणा के नगर निकाय चुनावों में भाजपा की शानदार जीत इस बात को दशार्ती है कि पार्टी की रणनीति और शासन की नीतियां जनता के बीच प्रभावी साबित हुई हैं।

## आज का राशिफल


**मेष:** कार्यस्थल पर कुछ चुनौतियों के बाद सफलता मिलेगी। आर्थिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। घर में शुभ कार्यों की योजना बन सकती है। छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। मित्रों संग किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा संभव है।


**वृषभ:** समय का सदुपयोग करें, व्यर्थ की बातों में न उलझें। दूसरों के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। रिश्तों को मजबूत करने का प्रयास करें। आपकी व्यवहार कुशलता से कार्यों में प्रगति होगी। महंगे सामान की खरीदारी का योग बन सकता है।


**मिथुन:** आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में बेहतरीन रहेगा। आज आपके लिए आय के नए स्रोत बनेंगे। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। व्यवसाय के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**कर्क:** परिवार में माहौल अनुकूल रहेगा, जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का समाधान मिलेगा। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं।


**सिंह:** दिन की शुरूआत शानदार होगी। व्यापार में बड़ा लाभ हो सकता है। ऊजार्वान महसूस करेंगे और कार्यों में सफलता मिलेगी। मौसम के बदलाव से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें।


**कन्या:** सुबह का समय थोड़ा कमजोर रहेगा। प्रेम संबंधों में निराशा मिल सकती है। किसी घटना से मन असंतुष्ट रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विदेश में रह रहे लोगों को सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है।



**तुला:** अनावश्यक वातार्लाप से बचें। निर्णय लेने में असमंजस महसूस करेंगे। लोग आपकी प्रतिभा की सराहना करेंगे। युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में कुछ रुकावटें आ सकती हैं।


**वृश्चिक:** आपके व्यक्तित्व में सुधार होगा। दांपत्य जीवन में सौहार्द बढ़ेगा। जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। धार्मिक भावना प्रबल होगी। संतान को करियर में बेहतरीन सफलता मिलेगी। शेयर बाजार में निवेश से लाभ संभव है।


**धनु:** आज का ददिन आपके लिए बेहद व्यस्तता भरा रहेगा। मन की अशांति दूर होगी। बेरोजगारों को नई नौकरी मिलने के योग हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। अपने लक्ष्यों के प्रति पूरी मेहनत से जुटे रहेंगे।


**मकर:** कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ध्यान भटकाने वाली बातों से बचें। नए विषयों को जानने की इच्छा होगी। बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखें। मनचाहे कार्यों में रुकावट आ सकती है।


**कुंभ:** दिनचर्या में सुधार करने की जरूरत है। संपत्ति विवाद हल होने की संभावना है। परिवार के लोग सहयोगात्मक रहेंगे। कारोबार में अच्छी प्रगति होगी। महत्वपूर्ण काम से यात्रा संभव है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।


**मीन:** आज के दिन आपके कई काम आसानी से पूरे होंगे। लेखन कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज आप मानसिक शांति का अनुभव करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

# रंग-बिरंगी होती है राजस्थान में होली

होली का त्यौहार हर साल पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी उसी उत्साह और जोश के साथ होली मनाई जाती है। होली जिसे मूल रूप से 'होलिका' के नाम से जाना जाता है। केवल एक आधुनिक उत्सव नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित सदियों पुरानी परंपरा है। इसके शुरूआती संदर्भ जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथक-गृ'-सूत्र जैसे प्राचीन धार्मिक कार्यों में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली आर्य सभ्यता में मनाई जाती थी।

होली का त्योहार वसंत ऋतु की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। होली महोत्सव की विशिष्ट तिथि हर साल अलग-अलग हो सकती है, क्योंकि यह हिंदू कैलेंडर में फागुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमें पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी-भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक-दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं।

मेवाड़ अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती है। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की


रमेश सर्राफ धमोरा (हि.स.)

सीढ़ी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं।

राज्य के डूंगरपुर जिले की होली सबसे अनोखी मानी जाती है। यहां वांगड़वासी होली के एक महीने पहले ही तैयारियों में जुट जाते हैं और होली के खुमार में मस्त हो जाते है। होली के दिन जिले के कोकापुर गांव में लोग होलिका के दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा आज भी निभाते है। लोगों का मानना है कि होलिका दहन के अंगारों पर चलने से घर में कोई भी विपदा नहीं आती है। डूंगरपुर के भीलूड़ा में पिछले 200 साल से धुलंडी पर लोग पत्थरमार होली खेल रहे है। लोग रंगों के स्थान पर पत्थर बरसा कर खून बहाने को होली के दिन शगुन मानते है। इस दिन भारी संख्या में लोग रघुनाथ मंदिर परिसर में दो टोलियों बनाकर एक दूसरे पर पत्थर बरसाना शुरू कर देते है। इस खेल में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया जाता है। इसके अलावा मथुरा के लगता जिला होने के चलते भरतपुर और करौली के नंदगाव में लोग आज भी लठ्ठमार होली खेलते है।


शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी में होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। शेखावाटी अंचल में होली पर कस्बों में विशेष रूप से गींदड़ नृत्य किया जाता है। गुजराती नृत्य गरवा से मिलता-जुलता गींदड़ नृत्य में काफी लोग विभिन्न प्रकार की चिताकर्षक वेशभूषा में नंगाड़े की आवाज पर एक गोल घेरे में हाथ में डंडे लिए घूमते हुए नाचते हैं तथा आपस में डंडे टकराते हैं। प्रारम्भ में धीरे-धीरे शुरू हुआ यह नृत्य धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ता जाता है। इसी रफ्तार में डंडों की आवाज भी टकरा कर काफी तेज गति से आती है तथा नृत्य व आवाज का एक अद्भुत दृश्य उत्पन्न हो जाता है।

लोगों का कहना है कि अगर होली के त्यौहार से लोक वाद्य चंग और धमाल को निकाल दिया जाये तो होली का त्यौहार बेजान हो जायेगा। ग्रामीण चंग और धमाल को होली पर्व की आत्मा मानते हैं। आज ये परम्परा धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। पहले यहां होली का त्योहार प्यार के साथ मनाया जाता था, सब साथ मिलकर चंग पर धमाल गाते थे लेकिन आजकल वो सब खत्म-सा हो गया है। क्षेत्र में बढ़ते शराब के प्रचलन के कारण लोग रात्रि में घरों से बाहर निकलने से डरने लगे हैं तथा गांवों में भी पहले की तरह सामंजस्य नहीं रहा। इसके अलावा ऑडियो कैसेटों के बढ़ते प्रचलन से भी इस लोक पर्व को कृत्रिम-सा बना दिया है। इससे पर्व की मौलिकता ही समाप्त होती जा रही है। यदि समय रहते होली पर व्याप्त हो रही कुरीतियों व शराब के चलन की समाप्ति का प्रयास नहीं किया गया तो यह पर्व अपना मूल रूप खो बैठेगा।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# आइए खेलते हैं, हंसी-ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से


डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट (हि.स.)

इस वर्ष चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तिथि का आरंभ 14 मार्च को दिन में 12 बजकर 25 मिनट के बाद हो रहा है। इससे पहले तक फाल्गुन पूर्णिमा तिथि रहेगी। ऐसे में 14 मार्च को दिन में प्रतिपदा तिथि लग जाने से रंगोत्सव 14 मार्च को ही मनाया जा रहा है। जबकि होलिका दहन 13 मार्च को किया जा रहा है। होलिका दहन के दिन भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगा और इसका समापन रात 11 बजकर 26 मिनट तक होगा, इसी के बाद होलिका दहन किया जाएगा। इस दिन भद्रा का साया करीब 13 घंटे का रहेगा।

होलिका के लिए एक पेड़ की टहनी को भूमि में स्थापित किया जाता है और उसे चारों ओर से लकड़ियों, कंडों व उपलों से ढक दिया जाता है। शुभ मुहूर्त में इस संरचना में अग्नि प्रज्ज्वलित की जाती है। इसमें छेद वाले गोबर के उपले, गेहूं की नई बालियां और उबटन अर्पित किए जाते हैं। ऐसा विश्वास किया जाता है कि यह अग्नि व्यक्ति को पूरे वर्ष स्वस्थ बनाए रखने में सहायक होती है और नकारात्मक शक्तियों को नष्ट कर देती है। होलिका दहन के बाद राख को घर लाकर तिलक लगाने की भी परंपरा है। इस दुनिया मे जो भी सुख- दुःख है वह हम सबके अपने-अपने कर्मों के कारण है। इस दुनियादारी के दुःखों के बीच ही हम थोड़े समय के लिए होली जैसे पर्वों के माध्यम से सुख खोजते है। क्षणिक सुख की यही घड़ी हमें होली पर मदहोश कर देती है और हम विनोद भाव से हंसी-ठिठोली कर होली का रसास्वादन प्राप्त करते हैं।

सत्य यही है कि सारा संसार आज दुःखो की होली खेल रहा है। सभी एक-दूसरे पर पांचों विकारों व उनके वंशों के बदरंगों की बौछार कर रहे हैं। किसी पर काम का रंग चढ़ा है तो किसी पर क्रोध का रंग, कोई लोभ में मदहोश है तो कोई मोह के रंग से रंगा हुआ है। स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, अमानवीयता, आपराधिक आकर्षण और बेवजह की आवश्यकता के सूक्ष्म बदरंगों से तो कोई बचा ही नहीं है। इन सबके मूल में है देह अभिमान का रंग, जिसके कारण आज हम सबकी आत्मा भी बदरंग हो गयी है। जबकि आत्मा का वास्तविक गुण रूपी रंग ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, पवित्रता, शक्ति व आनंद का है, जो कहीं छिप-सा गया है और उसके ऊपर विकारों का कीचड़ आ जाने से सब उल्टा-पुल्टा हो गया है। हम सभी को विकारों के रंग के बजाए आत्मिक रंगों से रंगकर सारे विश्व को आत्ममय बनाना चाहिए। यह आत्मिक रंग एक परमात्मा के सत्संग द्वारा प्राप्त होता है। शिव परमात्मा ही नयी दुनिया के स्थापनार्थ कल्प कल्प संगमयुग में अवतरित होकर अपने आत्मा रूपी बच्चों को अपने संग के रंग से रंगकर आप समान पवित्र बना देते हैं। इसे ही सच्ची होली मनाना भी कहते हैं। होली मनाने के लिए पहले अपवित्रता व बुराईयों को भस्म करना होगा। विकार भाव भूलकर पतित से पावन बनकर हमें आपस में भाई-भाई की वृत्ति रखनी होगी तभी हम अविनाशी रंग का अनुभव कर सकेंगे।

परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं- पहला होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिन्ता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो। दूसरा होली अर्थात हो गई यानी मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है। तीसरा होली अर्थात पवित्रता। हमें जो भी कर्म करने हैं, वे किसी भी विकार के वश होकर नहीं वरन्‌ पवित्र बुद्धि से करने हैं।

होली का त्योहार हिन्दू वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। जिसे हम सृष्टि चक्र के रूप में भी समझ सकते हैं। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं। लेकिन जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें विकारों से ग्रसित हो बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं, तब निराकार परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर विकारों से बदरंग बनी आत्माओं को अपने संग का रंग लगाते हैं। उन्हें उजला बनाते हैं। उनमें ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, आनन्द, पवित्रता, शक्ति आदि गुण भरकर देवतुल्य बना देते हैं। चूँकि यह घटना कल्प के अंत में घटती है इसलिए यादगार रूप में होली का त्योहार भी हिन्दू वर्ष के अंतिम दिन मनाया जाता है। भगवान जब आते हैं तो स्वयं तो ज्ञान-गुणों का रंग आत्माओं पर लगाते हैं। जिन पर ज्ञान-गुणों का रंग लग जाता है, उन्हें अन्य आत्माओं पर भी यह रंग लगाने की प्रेरणा देते हैं। परमात्मा शिव द्वारा ज्ञान के रंग में मनुष्यों को रंगने का कर्त्तव्य केवल एक या दो दिन नहीं, वर्षभर भी नहीं बल्कि कई वर्षों तक चलता है। ईश्वरीय कर्त्तव्य का यह संपूर्ण काल ही सच्ची होली है। लेकिन भक्तों द्वारा, कई वर्ष चलने वाले ईश्वरीय कर्त्तव्य की यादगार के रूप में केवल एक या दो दिन गुलाल आदि डालकर, लकड़ियाँ और उपले जलाकर होली मना ली जाती है। होली पर हिरण्यकश्यप, होलिका तथा प्रह्लाद की कथा का भी आध्यात्मिक रहस्य है। जो लोग प्रह्लाद की तरह स्वयं को परमात्मा का पुत्र मानते हैं, उन्हीं से परमात्मा की प्रीत होती है और जो लोग हिरण्यकश्यप की तरह मिथ्या ज्ञान के अभिमानी हैं और स्वयं को भगवान मानते हैं, वे विनाश को प्राप्त होते हैं और होलिका की तरह जो आसुरियता का साथ देते हैं, वे भी विनाश को ही पाते हैं। कहते है कि हिरण्यकश्यप ने वर प्राप्त किया था कि ह्लन मैं दिन में मरूँ, न रात में', ह्लन अंदर मरूँ, न बाहर', ह्लन किसी मनुष्य द्वारा मरूँ, न देवता द्वारा' यह भी संगमयुग की ही बात है। यह संगमयुग अतुलनीय युग है। यह न ब्रह्मा का दिन है और न ब्रह्मा की रात्रि, यह दोनों का संगम है। यहाँ न मानव हैं, न देव वरन्‌ तपस्वी ब्राह्मण हैं। इसी लिए तपस्या के बल पर मिथ्या ज्ञान के अभिमान और आसुरी वृत्तियों का अंत होली के रूप में होता है। लेकिन हम इस पवित्र होली को भी अपने हुड़दंग से विषैली बना देते हैं, जिससे बचकर रहने की जरूरत है। तो आइए खेलते हैं सुखों और हंसी -ठिठोली की होली, प्रेम की पिचकारी से, लगाते हैं सद्भावना का गुलाल बन्धुत्व की क्यारी से।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# एआई और महिला सशक्तिकरण: डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम

आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी 20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें। डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फर्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरूआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश


सावित्री ठाकुर

किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है। विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विजन पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29% अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है। 'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

***महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री भारत सरकार***

# पंजाब में गैर-प्रमाणित धान बीजों की बिक्री और खरीद पर रोक लगाने के लिए जल्द शुरू किया जाएगा ऑनलाइन पोर्टल

## गुरमीत सिंह खुड्डियां द्वारा कृषि विभाग को एक महीने के भीतर पोर्टल विकसित करने के निर्देश

**संवाददाता**
चंडीगढ़

राज्य में गैर-प्रमाणित बीजों की बिक्री और खरीद पर पूरी तरह से रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाते हुए, पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कृषि विभाग को धान बीजों की ट्रैकिंग और ट्रेसिंग के लिए एक महीने के भीतर ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

यह पोर्टल पंजीकृत बीज उत्पादकों को बीजों की खरीद, बिक्री और मात्रा समेत धान बीजों से संबंधित हर लेन-देन का विस्तृत विवरण दर्ज करने के लिए अनिवार्य करेगा। इससे डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखने के साथ-साथ बीज आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (कृषि) अनुराग वर्मा और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.) के उप-कुलपति डॉ. सतबीर सिंह गोसल के साथ आज अपने कार्यालय में शैलर मालिकों, कृषि, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

कृषि मंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों के हितों की रक्षा और पंजाब के कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के किसानों को पी.ए.यू. द्वारा अनुशंसित उच्च गुणवत्ता वाले धान बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ बीज आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी करें।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी को भी नकली और गैर-प्रमाणित धान बीजों की बिक्री की अनुमति नहीं दी



जाएगी क्योंकि इससे फसल उत्पादन में कमी आती है और किसानों को आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे गैर-प्रमाणित बीजों में अक्सर जेनेटिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता की कमी होती है, जिससे फसल की वृद्धि रुक जाती है, अनाज उत्पादन घट जाता है और फसल की कीट एवं बीमारियों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है। इसके अलावा, यह धान से चावल तैयार करने की प्रक्रिया में भी बाधा डालता है और शैलर उद्योग के लिए समस्याएं खड़ी करता है, जिससे चावल और समग्र कृषि उत्पादन के बाजार मूल्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि नया ऑनलाइन पोर्टल बीज आपूर्ति श्रृंखला को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाते हुए पंजाब की कृषि को टिकाऊ और समृद्ध भविष्य की ओर ले जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य गैर-प्रमाणित बीजों की बिक्री को खत्म करके, फसल उत्पादन में सुधार करना, कृषि उत्पादकता बढ़ाना और हमारे चावल की गुणवत्ता पर उपभोक्ताओं के विश्वास को मजबूत करना है।

इस बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के विभाग के निदेशक वरिंदर कुमार शर्मा, विशेष सचिव (कृषि) बलदीप कौर, कृषि विभाग के निदेशक जसवंत सिंह और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कृषि मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने राज्य के किसानों से पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पी.ए.यू.), लुधियाना द्वारा सिफारिश की धान बीजों की ही खरीद करने की अपील की और साथ ही बीज एवं अन्य कृषि सामग्री खरीदते समय रसीद और बिल लेने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि पी.ए.यू. ने धान की 11 किस्मों की सिफारिश की है, जिनमें शामिल हैं:पी.आर. 131, पी.आर. 130, पी.आर. 129, पी.आर. 128, एच.के.आर. 47, पी.आर. 127, पी.आर. 126, पी.आर. 122, पी.आर. 121, पी.आर. 114 और पी.आर. 113 हैं।

# भारतीय किसानों को अमेरिकी सेब के अनुचित आयात से बचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता: कुलतार सिंह संधवां

**संवाददाता**
चंडीगढ़

अमेरिका द्वारा पारस्परिक शुल्क रेसिप्रोकल टैरिफ के कारण बनी स्थिति को देखते हुए, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के किसानों को भारतीय बाजारों में सस्ते अमेरिकी सेब के आयात से गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में, कश्मीर वैली फ्रूट ग्रोअर्स यूनियन (के.वी.एफ.जी.यू.) ने चेतावनी दी है कि कम कीमत वाले सेबों के इस आयात से बाजार में ऐसी स्थिति बन जाएगी कि कीमतें गिरने के कारण सेब की खेती पर निर्भर 7 लाख से अधिक परिवारों की रोजी-रोटी खतरे में पड़ सकती है। पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने भारत सरकार से भारतीय किसानों के हितों की रक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है। उन्होंने संरक्षणात्मक प्रतिकारी शुल्क



प्रोटेक्टिव काउंटर टैरिफ जैसी आवश्यक मांगों का उल्लेख किया, जिसके तहत भारतीय उत्पादकों के लिए व्यापार में समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु अमेरिकी सेबों पर समान (मैचिंग) शुल्क लगाया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इस दिशा में त्वरित आर्थिक राहत की आवश्यकता है, जिसके तहत किसानों को होने वाले आय के नुकसान को रोकने और निरंतर उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ सभी व्यापारिक संबंधों में भारतीय किसानों की आजीविका की रक्षा के लिए किसान-हितैषी व्यापार समझौतों की जरूरत है। उन्होंने भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए भंडारण सुविधाओं के आधुनिकीकरण, सुचारू परिवहन और बाजार पहुंच की दृष्टि से कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया। स कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि हमारे किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनका पसीना और कड़ी मेहनत देश का पोषण करती है। यह बिल्कुल भी उचित और स्वीकार्य नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार युद्धों के कारण उन्हें किसी कठिनाई का सामना करना पड़े। उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करती है, तो हमारे लिए न केवल अपनी आजीविका बल्कि अपनी पीढ़ियों की कृषि विरासत को खोने का खतरा भी पैदा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों का सस्ता आयात कुछ व्यापारियों को लाभ पहुंचा सकता है, लेकिन इससे कई छोटे और सीमांत किसानों का जीवन बर्बाद हो जाएगा। हम लाभ-आधारित नीतियों के कारण उन किसानों को कुचलने नहीं देंगे जो हमारा पेट भरते हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ सेबों का मामला नहीं है, बल्कि हर भारतीय किसान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य, निष्पक्ष बाजार और समान अवसर मिलें। श्री संधवां ने कहा कि मैं अपने किसानों के साथ खड़ा हूं और सरकार से अपील करता हूं कि वह बिना देर किए किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे।

# लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ द्वारा विभाग को विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

**संवाददाता**
चंडीगढ़

पंजाब के लोक निर्माण एवं बिजली मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने आज यहां लोक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी) की व्यापक समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता, कुशलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक का उद्देश्य चल रही परियोजनाओं की प्रगति का आकलन करना, कार्यान्वयन में आ रही चुनौतियों का समाधान निकालना और गुणवत्ता से समझौता किए बिना कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रक्रियाओं को सुचारू बनाना था।

विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता के महत्व पर जोर देते हुए लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि प्रत्येक बुनियादी ढांचा परियोजना पंजाब के लोगों की उम्मीदों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों द्वारा विभाग



पर किए गए विश्वास को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित करना हमारी ज़िम्मेदारी है कि ये परियोजनाएं पूरी ईमानदारी, समर्पण और गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं। लोक निर्माण मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे एक मजबूत निगरानी प्रणाली लागू करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता और समयबद्धता के आवश्यक मानकों को पूरा करें। उन्होंने विभागीय कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए नवीन समाधान और तकनीकी प्रगति अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दौरान इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह ने लोक निर्माण मंत्री को सभी चल रही परियोजनाओं को समय पर और पारदर्शी ढंग से पूरा करने का आश्वासन दिया। मुख्य इंजीनियर आर.एस. बैस और मुख्य वास्तुकार तरुण गर्ग ने भी राज्य में सतत विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। बैठक के दौरान सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर मनजीत सिंह और पवन कुमार ने विभिन्न परियोजनाओं पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें वर्तमान में आ रही चुनौतियों और अब तक की गई उपलब्धियों को दर्शाया गया। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़कों की मरम्मत और निर्माण से लेकर सार्वजनिक भवनों की परियोजनाओं तक की स्थिति पर अपडेट साझा किए।

लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की जनहितैषी नीतियों और मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए बैठक का समापन किया। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों से समावेशी विकास के दृष्टिकोण के साथ कार्य करने और अपनी कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने का आह्वान किया।

# पंजाब सरकार द्वारा दिव्यांगजन के लिए 437.15 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई : डॉ. बलजीत कौर

**संवाददाता**
चंडीगढ़

सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए 437.15 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 2 लाख 71 हजार लाभार्थियों को कवर किया गया है। इन लाभार्थियों को विभाग द्वारा 437.15 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जा चुकी है।

डॉ. बलजीत कौर ने आगे कहा कि दिव्यांगजन के कल्याण के लिए राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 461.50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए



प्रतिबद्ध है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि दिव्यांगजन के लिए चलाई जा रही योजना के योग्य लाभार्थियों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपील की कि सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

- **दिव्यांगजन के लिए चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार द्वारा 461.50 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया**
- **सामाजिक सुरक्षा विभाग से संबंधित योजनाओं को लागू करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा**

# ड्रग तस्कर द्वारा अवैध रूप से निर्मित इमारत पर बुलडोजर चलाया गया

**संवाददाता**
श्री मुक्तसर साहिब/ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए नशे के खिलाफ युद्ध अभियान के तहत सरकार नशा तस्करों के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखे हुए है। इसी कड़ी में आज श्री मुक्तसर साहिब जिले के मदरसा गांव में एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से निर्मित भवन को ध्वस्त कर दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसएसपी डॉ. अखिल चौधरी ने बताया कि थाना लक्खेवाली के अंतर्गत मदरसा गांव के व्यक्ति सरबजीत सिंह द्वारा अवैध रूप से भवन का निर्माण किया गया था। इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी से इसके ध्वस्तीकरण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश प्राप्त हुए। जिसके बाद कार्रवाई की गई और इमारत को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि यह



भवन सरबजीत सिंह द्वारा बनाया गया था और उसके और उसके परिवार के खिलाफ पहले ही नशा तस्करी के पांच मामले दर्ज हैं। एसएसपी डॉ. अखिल चौधरी ने बताया कि पंजाब सरकार के निर्देशानुसार मिशन युद्ध नशों के विरुद्ध के तहत जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति नशा बेचकर संपत्ति बनाएगा उसकी संपत्ति कुर्क की जाएगी तथा यदि कोई सरकारी संपत्ति पर भवन बनाएगा तो उसे गिरा दिया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से भी अपील की कि यदि कोई भी व्यक्ति नशा बेचता है तो वे निडर होकर इसकी सूचना पुलिस को दें तथा सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर श्री कंवलप्रीत सिंह चहल एसपी (एच), एसडीएम बलजीत कौर, इकबाल सिंह डीएसपी मलोट, एसआई दर्शन सिंह एसएचओ लक्खेवाली, इंस. दविंदर सिंह एसएचओ कबरवाला भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा 16 ग्राम पंचायतों के सदस्यों के चुनाव हेतु आम चुनावों करवाने संबंधी कार्यक्रम जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि जिला पटियाला के ब्लॉक सनौर की 16 ग्राम पंचायतों झ भठलां, बीड़ बहादरगढ़, दीलवाल, फार्म बहादरगढ़, माजरी, पीर कॉलोनी, विद्या नगर, हीरा कॉलोनी, गुरु नानक नगर, हर गोबिंद कॉलोनी, करहेड़ी, कस्बा रुड़की, महिमदपुर जट्टां, नवां महिमदपुर जट्टां, शमसपुर और शेखपुर कंबोआं के सदस्यों के चुनाव हेतु आम चुनाव 30.03.2025 (रविवार) को कराए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की पहली तिथि 17.03.2025 (सोमवार) को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। उन्होंने आगे कहा कि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 20.03.2025 (गुरुवार) दोपहर 3 बजे तक होगी और 21.03.2025 (शुक्रवार) को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इस प्रक्रिया के तहत नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 22.03.2025 (शनिवार) दोपहर 3 बजे तक होगी और इसके बाद 30.03.2025 (रविवार) को चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर ही वोटों की गिनती की जाएगी और 01.04.2025 (मंगलवार) को चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम से संबंधित आधिकारिक अधिसूचना 17.03.2025 को जारी की जाएगी। इस संबंध में जिला चुनाव अधिकारी-सह-उपायुक्त, पटियाला को निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला पटियाला के ब्लॉक सनौर की इन 16 ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र में अधिसूचना जारी होने की तिथि से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी।

### लालजीत सिंह भुल्लर द्वारा राज्य के प्रत्येक रूट पर सरकारी बस सेवा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश



**चंडीगढ़।** पंजाब के परिवहन मंत्री स लालजीत सिंह भुल्लर ने विभागीय अधिकारियों को राज्य के प्रत्येक रूट पर सरकारी बस सेवा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यहां पंजाब रोडवेज/पनबस, पी.आर.टी.सी. और स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर कार्यालय के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए स लालजीत सिंह भुल्लर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नई बसों की खरीद प्रक्रिया को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा किया जाए और सरकारी राजस्व में वृद्धि के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। स भुल्लर ने दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर केवल बी.एस.-6 बसों के संचालन संबंधी दिशा-निर्देशों के तहत नई बी.एस.-6 बसों की खरीद के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी आदेश दिए। इसके अलावा, उन्होंने नई बसों की खरीद प्रक्रिया के टेंडर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने राज्य के बस अड्डों की देखभाल और स्वच्छता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि विभाग द्वारा संचालित जन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा सेवा वितरण को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान पी.आर.टी.सी. के वाइस चेयरमैन स बलविंदर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव (परिवहन) श्री डी.के. तिवाड़ी, एस.टी.सी. श्री जसप्रीत सिंह, एम.डी. पनबस श्री राजीव कुमार गुप्ता सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## गिरफ्तारी से बचने के लिए मनु ने पुलिस टीम पर की गोलीबारी, पुलिस टीमों ने की जवाबी कार्रवाई: एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान

# मोगा हत्या कांड: पंजाब पुलिस ने मोगा में गैंगस्टर मलकीत मनु को गोलीबारी के बाद किया गिरफ्तार

**संवाददाता**
चंडीगढ़/मोगा

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान संगठित अपराधों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) पंजाब ने मोगा पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन के दौरान विदेश आधारित गैंगस्टर गौरव उर्फ लक्की पटियाला और दविंदर बंबीहा गैंग के गैंगस्टर दविंदरपाल सिंह उर्फ गोपी लाहौरिया के एक संचालक को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मलकीत सिंह उर्फ मनु निवासी दुसांझ तलवंडी, मोगा के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से एक .32 बोर की पिस्तौल समेत चार कारतूस भी



बरामद किए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनु, जो दविंदर बंबीहा गैंग का सक्रिय सदस्य है, आपराधिक पृष्ठभूमि वाला आरोपी है, जिसके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, एनडीपीएस एक्ट और शस्त्र अधिनियम आदि से संबंधित कम से कम सात मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि जेल में बंद गैंगस्टर धर्मिंदर बाजी के इशारे पर आरोपी मलकीत मनु ने अपने साथी मनप्रीत सिंह उर्फ मनी के साथ मिलकर 19 फरवरी, 2025 को मोगा के गांव कपूरा में अपने विरोधी गिरोह पर हमला कर एक व्यक्ति की हत्या कर दी और इस दौरान एक महिला की टांग पर गोली लगने से वह घायल हो गई। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी मनु 26 फरवरी, 2025 को जगराओं में राजा ढाबा पर हुई गोलीबारी में भी शामिल था, जो उसने विदेश आधारित गैंगस्टर लक्की पटियाला के इशारे पर की थी।

- **पंजाब पुलिस मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध**
- **गिरफ्तार आरोपी, दविंदर बंबीहा गैंग के गैंगस्टर गोपी लाहौरिया और लक्की पटियाला का संचालक था: डीजीपी गौरव यादव**

इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि मोगा क्षेत्र में आरोपी मलकीत उर्फ मनु के छिपे होने के बारे में मिली मानव और तकनीकी सूचना पर कार्रवाई करते हुए एआईजी गुरमीत चौहान और डीएसपी बिक्रमजीत बराड़ की निगरानी में इंस्पेक्टर पुष्पिंदर सिंह के नेतृत्व में एजीटीएफ की विशेष टीमों ने उसे दुसांझ रोड, मोगा के पास स्थित किराए के आवास में सफलतापूर्वक ट्रैक कर लिया। उन्होंने बताया कि जब पुलिस टीमों ने संदिग्ध आवास पर छापा मारा, तो आरोपी मनु ने गिरफ्तारी से बचने के प्रयास में पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं, जिसके चलते पुलिस टीमों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने आगे बताया कि जवाबी गोलीबारी के दौरान आरोपी घायल हो गया। इसके उपरांत उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे इलाज के लिए बाबा फरीद मेडिकल कॉलेज फरीदकोट रेफर कर दिया गया।

एडीजीपी ने बताया कि पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से .32 बोर की पिस्तौल समेत चार कारतूस बरामद किए हैं। एआईजी गुरमीत चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि आरोपी मलकीत उर्फ मनु को अपने विदेशी हैंडलर लक्की पटियाला और गोपी लाहौरिया द्वारा ट्राइसिटी क्षेत्र में सनसनीखेज वारदातों को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। एसएसपी मोगा अजय गांधी ने बताया कि एफआईआर नंबर 52 दिनांक 12/3/2025 को थाना सिटी मोगा में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 109, 132, 221 और 111 और शस्त्र अधिनियम की धाराओं 25 (6) और 25 (7) के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# मप्र में वित्त मंत्री देवड़ा ने पेश किया 4.21 लाख करोड़ का बजट, कोई नया टैक्स नहीं

## प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम खोला जाएगा

एजेंसी (हि.स.)
भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन बुधवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने राज्य का वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया और न ही किसी भी कर की दर बढ़ाना प्रस्तावित किया गया है। प्रदेश की मोहन सरकार का यह दूसरा बजट है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी बजट भाषण सुनने के लिए विधानसभा में मौजूद रहे।

वित्त मंत्री देवड़ा ने अपने बजट भाषण की शुरूआत कविता से की। उन्होंने कहा कि यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है...जनता व जनप्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं, कर सकें हम सब पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं। उन्होंने कहा कि हमने 2025-26 का बजट जीरो वेस्ट बजटिंग प्रक्रिया से तय

- सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना लागू किए जाने की प्रक्रिया पर विचार करने उच्चस्तरीय समिति गठित होगी

किया है। सरकार का लक्ष्य विकसित मध्य प्रदेश बनाना है। इसका अर्थ है कि जनता का जीवन खुशहाल हो। महिलाओं का आत्मगौरव मिले।

उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन योजना लागू किए जाने की प्रक्रिया पर विचार करने उच्चस्तरीय समिति गठित होगी। एक अप्रैल 2025 से सातवें वेतनमान के महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण किया जाएगा। वाहन स्क्रैप योजना को प्रोत्साहित करने के लिए नई गाड़ी खरीदने पर परिवहन वाहन के लिए मोटर व्हीकल टैक्स में 15 और गैर


फोटोः हि.स.

परिवहन वाहन के लिए 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। प्रदेश के 39 नए औद्योगिक क्षेत्रों में तीन लाख नौकरियां मिलेंगी। प्रदेश सरकार ने कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। प्रदेश में 22 नए आईटीआई खोले जाएंगे। सीएम युवा शक्ति योजना के तहत प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम खोला जाएगा। प्रदेश में डिजिटल यूनिवर्सिटी और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय खुलेगा। धार में डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान और डिंडोरी में जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान शुरू होंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनाओं को केंद्र की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। लाड़ली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ेंगे। लाड़ली बहना के हितग्राहियों को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना और अटल पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा। गोशालाओं में गायों के आहार के लिए रोज प्रति गाय 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये किए गए।

राष्ट्रीय उद्यान और बफर क्षेत्र में वन्य जीव प्राणी-मानव संघर्ष को रोकने के लिए 3000 किलोमीटर फेंसिंग की जाएगी। स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सीएम केयर योजना और परिवहन के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी। मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना शुरू होगी। देवी अहिल्या कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत होगी। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की जाएगी। ग्रामीण नागरिकों को सस्ता और सुलभ परिवहन उपलब्ध होगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय विद्यार्थियों के लिए 23 हजार प्राथमिक स्कूल, 6800 माध्यमिक स्कूल, 1100 हाई स्कूल, 900 उच्चतर माध्यमिक स्कूल, 1078 आश्रम, 1032 सीनियर छात्रावास, 210 उत्कृष्ण सीनियर छात्रावास, 197 जूनियर छात्रावास, 154 महा विद्यालय छात्रावास, 81 कन्या शिक्षा परिसर, 8 आदर्श विद्यालय संचालित हैं। बैगा, भारिया को कुपोषण से मुक्ति आहार अनुदान के तहत 2.20 लाख महिलाओं के खातों में 1500 रुपये दिए जा रहे हैं। विशेष पिछड़ी जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पीएम जनमन योजना में 53 हजार से अधिक आवास बनाए हैं। बच्चों की शिक्षा के लिए 22 नए छात्रावास बनेंगे।

# मध्य प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व प्राकृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे : मुख्यमंत्री

- मध्य प्रदेश में 9 हुए टाइगर रिजर्व, वन्य जीव संरक्षण हुआ सशक्त

एजेंसी (हि.स.)
भोपाल


फोटोः हि.स.

मध्य प्रदेश ने वन्य जीव संरक्षण में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शिवपुरी स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान को प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 58वें और मध्य प्रदेश के नौवें टाइगर रिजर्व की स्थापना की घोषणा करते हुए कहा, ह्लभारत वन्य जीव विविधता से समृद्ध है, यहां की संस्कृति वन्य जीवों का सम्मान करती है। हम हमेशा पशुओं की रक्षा करने में सबसे आगे रहेंगे।ह्व उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार वन्यजीवों और पर्यावरण के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जनसंपर्क अधिकारी केके जोशी ने बुधवार को बताया कि मध्य प्रदेश के 9वें टाइगर रिजर्व के शुभारंभ के प्रतीक पर स्वरूप एक बाघिन को स्वच्छंद विचरण के लिए मुक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नए बाघ अभयारण्य को विकसित करते समय अन्य प्रजातियों के सह-अस्तित्व को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह कोई चिड़ियाघर नहीं है, बल्कि एक खुला आवास है, जो वन्य जीवों और आम जनता दोनों के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में मानव और वन्य जीवों के सह-अस्तित्व का अनोखा परिदृश्य मौजूद है। इस कदम से बाघों के संरक्षण को नया बल मिलेगा और जैव विविधता को सहेजने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व म.प्र. के प्राकृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

'भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2023' के अनुसार, मध्य प्रदेश 85,724 वर्ग किलोमीटर वन और वृक्ष आवरण के साथ देश में शीर्ष स्थान पर है। राज्य का वन आवरण क्षेत्र 77,073 वर्ग किलोमीटर है, जो देश में सर्वाधिक है। मध्य प्रदेश ने देश में सबसे पहले 1973 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम लागू किया था। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की संभावित सूची में शामिल किया गया है।

मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 9 टाइगर रिजर्व हो गए हैं। इनमें कान्हा, पेंच, बांधवगढ़, पन्ना, सतपुड़ा, वीरांगना दुर्गावती, संजय-डुबरी, रातापानी और अब माधव टाइगर रिजर्व शामिल हैं। प्रदेश में 11 नेशनल पार्क, 24 अभयारण्य हैं। सफेद बाघों के संरक्षण के लिए मुकुंदपुर में व्हाइट टाइगर सफारी विकसित की गई है।

प्रदेश के 9 टाइगर रिजर्व में सबसे पहले 1973 में कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। इसके बाद पेंच टाइगर रिजर्व-1992, पन्ना टाइगर रिजर्व-1993-94, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व-1993-94, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व-1999-2000, संजय टाइगर रिजर्व-2011, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व-2023, रातापानी टाइगर रिजर्व-2024 और माधव टाइगर रिजर्व-2025 में घोषित किये गए।

# नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार


फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)
काठमांडू

नेपाल से बिहार के रास्ते भारत में प्रवेश कर रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। भारत-नेपाल की खुली सीमा का फायदा उठाते हुए बिहार में घुसपैठ करते मंगलवार को पकड़े गए ये दोनों बांग्लादेशी नागरिक इस समय बिहार के किशनगंज पुलिस की हिरासत में हैं। किशनगंज जिले के गलगलिया बॉर्डर से दो बांग्लादेशी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। किशनगंज के एसपी सागर कुमार ने इन दोनों की गिरफ्तारी पाठामारी सीमा से किए जाने की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बांग्लादेशी नागरिक की पहचान सहरियार सजीब खान और सागर के रूप में हुई है जो नेपाल से भारत में एंट्री करने की फिराक में थे इनके पास न तो नेपाल का वीजा था, ना ही भारत में घुसने का कोई अधिकारिक दस्तावेज। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशियों की तलाशी लेने पर इनके पास से विदेशी मुद्रा, संदिग्ध दस्तावेज, रेलवे टिकट, होटल बुकिंग, इमिग्रेशन संबंधी कागजात और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। स्लोवेनिया और क्रोएशिया के वीजा व निवास परमिट से जुड़े दस्तावेज भी तलाशी में हाथ लगे हैं।

## क्रिजैक लिमिटेड को 1000 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** कोलकाता स्थित अग्रणी छात्र भर्ती समाधान प्रदाता क्रिजैक लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी की योजना इस इश्यू के जरिए 1000 करोड़ रुपये जुटाने की है। कंपनी ने 18 नवंबर, 2024 को सेबी के समक्ष अपने आईपीओ के कागजात फिर से दाखिल किए थे। यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटरों पिंकी अग्रवाल और मनीष अग्रवाल के बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) के रूप में होगा। इसमें कोई फ्रेश इश्यू शामिल नहीं होगा। क्रिजैक लिमिटेड का 2 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से प्रमोटर द्वारा शेयरधारकों को बेचने वाले 1,000 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव है। बिक्री के प्रस्ताव में पिंकी अग्रवाल द्वारा 841 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों और मनीष अग्रवाल द्वारा 159 करोड़ रुपये तक की बिक्री शामिल है। इस प्रस्ताव में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है।

# उभरती सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले वायु सेना की क्षमता बढ़ाने पर जोर

- वायु सेना प्रमुख ने तीनों सेनाओं के परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली


फोटोः हि.स.

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भू-रणनीतिक परिदृश्य में उभरती सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए तीनों सेनाओं के बीच एकीकृत प्रशिक्षण और परिचालन तालमेल को आवश्यकता बताया। उन्होंने सुरक्षा खतरों के लिए तेजी से क्षमता वृद्धि, संयुक्त कौशल और अनुकूल रणनीतियों पर जोर दिया।

एयर चीफ मार्शल बुधवार को रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज (डीएसएससी), वेलिंगटन में स्थायी संकाय के साथ 80वें स्टाफ कोर्स में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के छात्र अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दो दिवसीय डीएसएससी के दौरे के आखिरी दिन अपने संबोधन में कोर्स अधिकारियों से बदलाव को अपनाने, उभरते खतरों का गंभीरता से आकलन करने और भविष्य के संघर्षों के लिए अनुकूल रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उनकी इस यात्रा ने एकीकृत संचालन और भविष्य के लिए तैयार नेतृत्व के लिए भारतीय वायु सेना की प्रतिबद्धता को पुष्ट किया।

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने संयुक्त कौशल के महत्व पर जोर देते हुए भारतीय वायु सेना की चल रही क्षमता विकास पहलों और आधुनिक युद्ध में एकीकृत संचालन के महत्व को रणनीतिक परिप्रेक्ष्य में बताया। उन्होंने भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा में भारतीय वायु सेना कर्मियों की उपलब्धियों, लचीलेपन और अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त-समाचार

### खान मंत्रालय पहली बार अन्वेषण लाइसेंस की नीलामी शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय गुरुवार को गोवा में पहली बार अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) की नीलामी शुरू करने जा रहा है। यह देश के अप्रयुक्त महत्वपूर्ण और गहरे खनिज संसाधनों को खोलने की दिशा में सरकार का एक बड़ा सुधारवादी कदम है। केंद्रीय खान मंत्रालय के अनुसार गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के 5वें चरण पर एक रोड शो और एआई हैकाथॉन 2025 का शुभारंभ भी शामिल होगा, जो ह्लएआई का उपयोग करके खनिज लक्ष्यीकरणह्व पर केंद्रित एक खनिज अन्वेषण हैकाथॉन है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत शामिल होंगे। एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2023 के अधिनियमन के साथ लिथियम, तांबा, कोबाल्ट, सोना, चांदी, आरईई और पीजीई सहित 29 महत्वपूर्ण और गहरे खनिजों की खोज और पूर्वेक्षण में निजी भागीदारी की अनुमति देने के लिए अन्वेषण लाइसेंस दिए जाने का प्रस्ताव पास किया गया था, जो उक्त अधिनियम की नई सातवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं। मंत्रालय के अनुसार केंद्र सरकार ने एमएमडीआर अधिनियम की धारा 20ए के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए 21 अक्टूबर 2024 को ईएल नीलामी प्रक्रिया आयोजित करने का आदेश जारी किया। पहले चरण में मंत्रालय पारदर्शी ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के माध्यम से आरईई, जिंक, डायमंड, कॉपर और पीजीई जैसे खनिजों के लिए 13 अन्वेषण ब्लॉकों की नीलामी करेगा। निविदा दस्तावेज 20 मार्च, 2025 से एमएसटीसी नीलामी मंच पर उपलब्ध होंगे। विस्तृत विवरण के लिएः https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/mlcln/ पर भी जा सकते हैं। मंत्रालय को इस कदम से अन्वेषण में तेजी आने, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ने और महत्वपूर्ण खनिजों में भारत की खनिज सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। खान मंत्रालय खनन क्षेत्र में अन्वेषण, नवाचार और सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### सड़क हादसे में नवविवाहित युवक की मौत, पत्नी की हालत गंभीर

**बिजनौर।** बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे ने एक नवविवाहित जोड़े की खुशियों को मातम में बदल दिया। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय शाहनवाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी जीनत गंभीर रूप से घायल है और जिंदगी व मौत के बीच जूझ रही है। जानकारी के मुताबिक, स्योहारा थाना क्षेत्र गांव मधुपुरा निवासी शाहनवाज, पुत्र दिलशाद, अपनी पत्नी जीनत के साथ बाइक से ससुराल सहसपुर देहात जा रहा था। जैसे ही वे सहसपुर के पास पहुंचे, उनकी बाइक लापरवाही से खड़े रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि शाहनवाज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि जीनत को गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रोड रोलर को कब्जे में ले लिया। हालांकि, अब तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। शाहनवाज के अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही है। पूरे परिवार में गम का माहौल है। कुछ महीने पहले ही शाहनवाज और जीनत की शादी हुई थी, लेकिन इस भीषण हादसे ने परिवार की खुशियों को गहरे सदमे में डाल दिया।

### तमंचे के बल पर लूट करने वाले चार आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** रूड़की पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपितों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई बाइक, मोबाइल, नगदी व एक तमंचा बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक, रूड़की कोतवाली में बीते रोज अभिषेक पुत्र टेकराम निवासी सहारनपुर ने तहरीर देकर 09 मार्च को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उसकी बाइक, मोबाइल, 4000 रुपये नगद व 1001 रुपये यूपीआई के माध्यम से तमंचे के बल पर लूटकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर पुलिस ने चार आरोपितों को सोनाली पार्क बीट वाली नहर पटरी गुमटी के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपितों के पास से लूटी गई बाइक, मोबाइल, घड़ी, नगदी व एक तमंचा बरामद किया। पकड़े गए आरोपितों के नाम पते- अमन कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी नगला एहमाद थाना मंगलौर, विकास उम्र 25 वर्ष निवासी हरिजन बस्ती रविदास मन्दिर के पास ढण्डेरा कोतवाली रूड़की, कालूराम उम्र 20 वर्ष निवासी तेजापल प्रधान के घर के पीछे ग्राम ढण्डेरा रूड़की व आशुतोष उर्फ आशु उम्र 20 वर्ष निवासी पानी की टंकी के पास ढण्डेरा रूड़की थाना कोतवाली रूड़की जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पताही थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पीड़ितों में परसौनी कपूर गांव के निवासी नीतीश कुमार और नरकटिया गांव के निवासी राजन कुमार शामिल हैं। इन दोनों से आरोपितों ने 5.65 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने जांच के बाद इस रैकेट से जुड़े तीन युवक संतोष कुमार, करण कुमार और आदित्य राज गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार ठगों ने खुलासा किया कि वे लंबे समय से नौकरी दिलाने और विभिन्न विश्वविधालय के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठ रहे थे। उनके मुताबिक, अब तक उन्होंने 65-70 लोगों को फर्जी विश्वविद्यालय और कॉलेज के सर्टिफिकेट देकर ठगा है। 25-30 लोगों से सरकारी और निजी नौकरी में सेटिंग कराने के नाम पर लाखों रुपये वसूले हैं। पुलिस के अनुसार आरोपितों के पास से कई फर्जी प्रमाणपत्र, नकली दस्तावेज और लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इनके पूरे गिरोह का पदार्फाश करने और बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुटी है।

# भारतीय अपराधी को नेपाली नागरिकता दिलाने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू

एजेंसी (हि.स.)
काठमांडू


फोटोः हि.स.

फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके लाए गए कुख्यात अपराधी जोगिंदर उर्फ जोगा डॉन को नेपाली नागरिकता और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच शुरू की गई है। भारत से अपराध करके नेपाल में दो साल तक रहने वाले जोगा डॉन ने नेपाल के धनुषा जिले से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल किया था। इसी आधार पर उसने नेपाली पासपोर्ट बनवाया और फिलीपींस भाग गया था।

गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम गठन करते हुए इस मामले की जांच शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपराधी को नागरिकता दिलाने में मदद करने वाले सभी लोग और नागरिकता का प्रमाण पत्र जारी करने वाले सरकारी कर्मचारियों को जांच के दायरे में लाया गया है। इसी तरह पासपोर्ट जारी करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि नेपाल पुलिस की जांच से अब तक पता लगा है कि 2018 में जोगा डॉन ने कुछ वर्षों तक नेपाल में रहने बाद धनुषा जिला के जनकपुरधाम से कांति गुप्ता के नाम से नागरिकता हासिल की थी। इसी नागरिकता के आधार पर उसने काठमांडू से पासपोर्ट जारी करवाया था। काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल के इमिग्रेशन रिकॉर्ड से पता चला है कि जोगा डॉन नेपाल से कांति गुप्ता के नाम के पासपोर्ट से 20 जुलाई, 2020 को फिलीपींस की राजधानी मनीला गया था। इसी तरह 15 फरवरी, 2024 को उसके फिलीपींस से नेपाल वापसी का रिकॉर्ड भी दर्ज है। इसकी जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि वह 15 दिन नेपाल में रहने के बाद 1 मार्च, 2024 को वापस मनीला गया था। उसे फरवरी के महीने में फिलीपींस से प्रत्यर्पण करके नेपाल लाया गया है। उसके भारत में आपराधिक इतिहास के बारे में भारत की खुफिया एजेंसी से जानकारी मिलने के बाद नेपाल में जांच शुरू की गई है।

## राष्ट्रीय आवास बैंक ने देश में आवास के रुझान और प्रगति पर रिपोर्ट जारी की

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार के अधीनस्थ एक सांविधिक निकाय राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम 1987 की धारा 42 के प्रावधानों के अनुसरण में देश में आवास की प्रवृत्ति और प्रगति 2024 पर एक रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार इस रिपोर्ट में आवास परिदृश्य और घर की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आवास क्षेत्र पर भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम, आवास ऋण प्रदान करने में प्राथमिक ऋण संस्थानों (पीएलआई) की भूमिका, आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) का प्रदर्शन और क्षेत्र के लिए दृष्टिकोण को व्यापक रूप से शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार 30 सितंबर 2024 तक बकाया व्यक्तिगत आवास ऋण रु 33.53 लाख करोड़ था, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 14 फीसदी की वृद्धि दशार्ता है। 30 सितंबर 2024 तक बकाया व्यक्तिगत आवास ऋणों में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी का हिस्सा 39 फीसदी, एमआईजी का हिस्सा 44 फीसदी और एचआईजी का हिस्सा 17 फीसदी था।

# उतार-चढ़ाव के बीच गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

- निवेशकों को लगी 1.41 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार बुधवार को मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। बुधवार को कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में जोरदार तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार की चाल में जोरदार गिरावट आ गई। दिन के दूसरे सत्र में एक बार फिर खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार काफी हद तक रिकवरी करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.10 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। बुधवार को दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसके साथ ही कैपिटल गुड्स, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑयल एंड गैस, हेल्थ केयर, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

बुधवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 392.84 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 394.25 लाख करोड़ रुपये था।

# छत्तीसगढ़ का कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान विश्व धरोहर की दौड़ में शामिल

एजेंसी (हि.स.)
रायपुर


फोटोः हि.स.

अपनी समृद्ध जैव विविधता और जीव जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियों के आवास के रूप में पहचाने जाने वाले छत्तीसगढ़ के बस्तर के कांगेर घाटी नेशनल पार्क को यूनेस्को ने 2025 की वर्ल्ड हेरिटेज साइट की तदर्थ सूची में शामिल कर लिया है। अब वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा हासिल करने के लिए राज्य सरकार को एक साल में अपना दावा पूरे तथ्यों के साथ पेश करना होगा।

यूनेस्को ने अपनी वेबसाइट पर कांगेर घाटी को टेंटेटिव लिस्ट में शामिल किये जाने की जानकारी दी है, अब इसके समर्थन में एक साल के भीतर तथ्यात्मक जानकारी देनी होगी। पहली बार छत्तीसगढ़ की किसी साइट को यह मौका मिला है। 200 वर्ग किमी में फैला कांगेर घाटी नेशनल पार्क कई वजहों से खास है। करीब दो साल पहले कांगेर घाटी नेशनल पार्क के तत्कालीन डायरेक्टर गणवीर धम्मशील ने करीब साल भर की तैयारी और रिसर्च, पुरातत्व विभाग समेत कई विभागों की शोध के आधार पर वर्ल्ड हेरिटेज साइट के लिए नेशनल पार्क का प्रस्ताव यूनेस्को को भेजा था। यूनेस्को किसी जगह को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का दर्जा तीन श्रेणियों में देता है। पहली श्रेणी प्राकृतिक धरोहर है, दूसरी सांस्कृतिक और तीसरी मिश्रित। आवेदन पहली श्रेणी के लिए भेजा गया था, जिसे तदर्थ सूची में शामिल कर लिया गया है। इस आशय की घोषणा कर दी है।

## साढ़े तीन साल बीत जाने के बावजूद नहीं हुआ आदेशों का पालन, अवमानना प्रकरण पर जताई नाराजगी

# हाईकोर्ट का आदेश न मानने पर तीन आईएएस अधिकारियों का मासिक वेतन रोका

एजेंसी (हि.स.)
जोधपुर


फोटोः हि.स.

हाइकोर्ट के आदेश को साढ़े तीन साल बीत जाने के बावजूद उसकी पालना नहीं करने व चयनित वेतनमान और एरियर का भुगतान नहीं करने पर हाइकोर्ट ने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश दिनेश मेहता की एकलपीठ ने राज्य सरकार को आईएएस अधिकारी हेमन्त गेरा, राजेन्द्र कुमार भट्ट और ताराचंद मीणा की मासिक तनख्वाह रोकने के आदेश दिए है। साथ ही कार्मिक विभाग के वर्तमान प्रमुख सचिव को कोर्ट में व्यक्तिशः उपस्थित रहने बाबू से लेकर जिला कलेक्टर तक अवमानना फाइल से संबंधित पूर्व और वर्तमान सभी जिम्मेदार कार्मिकों की लिस्ट कोर्ट में पेश करने, इन निदेर्शों की पालना सुनिश्चित करने हेतु इस आदेश की कॉपी राज्य के मुख्य सचिव को भेजने के लिए हाइकोर्ट रजिस्ट्री को निर्देश दिए है। मामले में अगली सुनवाई 25 मार्च को होगी।

दअरसल राजस्थान सरकार में उदयपुर स्थित जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त कार्यालय में मिनिस्टीरियल स्टॉफ के पदों पर कार्यरत रमेश चंद्र औदिच्य, किशनलाल वैष्णव व सात अन्य की ओर से अधिवक्ता यशपाल खिलेरी ने रिट याचिका पेश कर जाहिर किया था कि उन्हें राजस्थान हाइकोर्ट खंडपीठ के पूर्व निर्णय की पालना में प्रथम नियुक्ति तिथि 13.08.1987 से स्थायी करते हुए प्रथम और द्वितीय चयनित वेतनमान दिए गए लेकिन तृतीय चयनित वेतनमान देने के समय फिर.मना कर दिया गया। जिस पर हाइकोर्ट एकलपीठ ने 23 सितंबर 2021 को याचिकाकताओं की रिट याचिका स्वीकार करते हुए 27 वर्ष पर देय तृतीय चयनित वेतनमान की गणना दिनांक 12 अगस्त 2014 से करने और तदनुसार सभी नकद परिलाभ निर्णय से तीन माह के भीतर करने का आदेश दिया गया। साथ ही बढ़ी हुई सैलेरी और पारिणामिक परिलाभ के एरियर का भुगतान 31 मार्च 2022 तक करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। उक्त आदेश की पालना नहीं करने पर याचिकाकताओं ने अधिवक्ता यशपाल खिलेरी के जरिये अवमानना याचिका दायर कर आदेश की पालना नहीं होने अवमाननाकताओं को सख्त सजा दिलाने की मांग की गई।

अवमानना याचिका के नोटिस मिलने पर अवमाननाकताओं की ओर से राजकीय अधिवक्ता ने जवाब पेश कर जाहिर किया कि स्पेशल अपील पेंडिंग होने से पालना नहीं की जा सकी है। जिस पर अधिवक्ता खिलेरी ने बताया कि खण्डपीठ द्वारा स्पेशल अपील भी दिनांक दो अगस्त 2023 को खारिज की जा चुकी है और अपील में एकलपीठ आदेश पर कोई स्टे/स्थगन आदेश भी नही था, ऐसे में अवमाननाकताओं द्वारा न्यायालय को केवल और केवल गुमराह करने की कोशिश की जा रही है जो न्यायालय की स्पष्ट अवमानना की तारीफ में आता हैं।

इस पर हाइकोर्ट ने मामले की गंभीरता और अवमाननाकर्ताओ के व्यवहार को देखते हुए राज्य सरकार को तत्कालीन कार्मिक विभाग सचिव हेमन्त गेरा, तत्कालीन संभागीय आयुक्त उदयपुर राजेन्द्र कुमार भट्ट और तत्कालीन जिला कलेक्टर उदयपुर ताराचंद मीणा की मासिक तनख्वाह रोकने और उच्च न्यायालय के आदेश के बिना मासिक सैलरी नहीं दिए जाने के राज्य सरकार को निर्देश दिए।

# आईसीसी मेंस एकदिनी रैंकिंग में रोहित, रचिन रवींद्र को फायदा, कुलदीप भी टॉप-3 में पहुंचे

## ऑलराउंडर रैंकिंग में सैंटनर और ब्रेसवेल को फायदा

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

आईसीसी मेंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र को आईसीसी मेंस वनडे बैटिंग रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 गेंदों में 76 रन बनाकर भारत को 252 रनों का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने वाले रोहित दो स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

दूसरी ओर, रचिन रवींद्र ने चैंपियंस ट्रॉफी में जबरदस्त प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 108 रन और फाइनल में भारत के खिलाफ 37 रन बनाने वाले रवींद्र 14 स्थान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 14वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। रचिन को

**गेंदबाजी रैंकिंग में सैंटनर और कुलदीप को फायदा**

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार भी मिला, क्योंकि उन्होंने टूर्नामेंट में 263 रन बनाने के अलावा तीन विकेट भी लिए। रैंकिंग अपडेट में वह गेंदबाजी में 22 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें और ऑलराउंडर सूची में आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सेमीफाइनल में 69 रनों की पारी खेली, जिससे उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ और अब वह 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी खिलाड़ी डेविड



फोटोः हि.स.

मिलर को पांच स्थान का फायदा हुआ है और वह अब 26वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के ही केन विलियमसन दो स्थान ऊपर उठकर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा एक स्थान की बढ़त के साथ 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड के मिशेल सैंटनर ने फाइनल में दो और सेमीफाइनल में तीन विकेट लिए, जिससे वह छह स्थान की छलांग लगाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के कुलदीप यादव, जिन्होंने फाइनल में दो विकेट लिए, वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा, भारत के रवींद्र जडेजा ने एक बार फिर टॉप-10 में वापसी कर ली है। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 18वीं रैंकिंग हासिल कर ली है, जबकि दक्षिण अफ्रीका के लुंगी एनगिडी दो स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल को भी दो स्थान का फायदा हुआ है और अब वह 38वें स्थान पर हैं। वहीं, भारत के ही वरुण चक्रवर्ती ने 16 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 80वें स्थान पर जगह बना ली है। सैंटनर अब ऑलराउंडर रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ब्रेसवेल सेमीफाइनल में तेजतर्रार 40 गेंदों में 53 रनों की पारी खेलने के बाद सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद आईसीसी रैंकिंग में कई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है, जिससे वनडे क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक हो गई है।

# खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025: आर्मी के जवानों का दबदबा, हिमाचल प्रदेश ने पदक तालिका में ली बढ़त

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

खेलो इंडिया विंटर गेम्स के दूसरे और अंतिम चरण के तीसरे दिन भारतीय सेना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए और पदक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। आर्मी की चौकड़ी - नरसिंह थापा, राजेश्वर सिंह, सुनील राय और विशाल चंदल ने 49:58.1 के समय के साथ पुरुषों की स्की माउंटेनियरिंग रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं।

उत्तराखंड की टीम - हिमांशु सिंह, हिमांशु कावन, सुनील राय और विशाल चंदल ने 52:50.97 समय के साथ रजत पदक जीता।

राजेश्वर सिंह, जो पिछले तीन वर्षों से स्की माउंटेनियरिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं, ने इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर खुशी जाहिर की। उन्होंने इससे पहले स्की माउंटेनियरिंग स्प्रिंट स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। राजेश्वर, जो इस समय गुलमर्ग स्थित हाई-एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में तैनात हैं, ने कहा, आर्मी ने मुझे हमेशा समर्थन दिया है और मेरे वरिष्ठों ने मुझे खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। गुलमर्ग में


फोटोः हि.स.

तैनात होने से मुझे यहां की परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में मदद मिली है। मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहता हूं और खेलो इंडिया ने हमारे जैसे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच दिया है।

भारतीय सेना ने नॉर्डिक स्कीइंग पुरुषों की 15 किमी स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। आर्मी के सनी सिंह ने 41:04.54 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि स्टैंजिन (41:20.70) ने रजत और थुपस्तान (41:51.38) ने कांस्य पदक जीता।

हिमाचल प्रदेश ने अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ पदक तालिका में जबरदस्त बढ़त बनाई। राज्य ने अल्पाइन स्कीइंग महिला स्लालम स्पर्धा में स्वर्ण, रजत और कांस्य तीनों पदक अपने नाम किए। अंचल ठाकुर (स्वर्ण), तनुजा ठाकुर (रजत) और प्रमिला ठाकुर (कांस्य) ने अपनी श्रेष्ठता साबित की।

स्नोबोर्डिंग महिला स्लालम में भी हिमाचल प्रदेश का दबदबा रहा। प्रीति ठाकुर ने स्वर्ण और प्रकृति ठाकुर ने रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र की उर्मिला पाबले ने कांस्य पदक जीता।

# इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक


फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)
न्यूयॉर्क

पौलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने मंगलवार को खेले गए मुकाबले में चेक गणराज्य की कैरोलीना मुचोवा को 6-1, 6-1 से करारी शिकस्त देकर इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त पोलैंड की स्वियाटेक ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में अपने दबदबे को और मजबूत कर लिया है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में केवल छह गेम गंवाए हैं और अपने शानदार प्रदर्शन से लगातार आगे बढ़ रही हैं। बारिश की वजह से मुकाबले में देरी हुई, लेकिन खेल शुरू होते ही स्वियाटेक ने जोरदार लय पकड़ ली। उन्होंने शुरूआती चार गेम तेजी से अपने नाम किए और पहले सेट में अपनी पहली सर्व पर एक भी अंक नहीं गंवाया। दूसरी ओर, मुचोवा, जो पिछले साल कलाई की सर्जरी से उबरने के बाद यूएस ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंची थीं, इस मुकाबले में अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। दूसरे सेट में उनकी गलतियां और ज्यादा बढ़ गईं, जिससे स्वियाटेक ने आसानी से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

# बेन सियर्स ने यॉर्कशायर के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया

**लंदन**। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के साथ 2025 सीजन के लिए करार किया है। वह टीम के दूसरे काउंटी चैंपियनशिप मैच से पहले इंग्लैंड पहुंचेंगे, जो हेडिंग्ले में वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ खेला जाएगा। 27 वर्षीय सियर्स अपनी तेज गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए अपने एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लिए थे, जिसमें दूसरी पारी में उन्होंने 4 विकेट के बदले 90 रन देकर प्रभावित किया था। उन्होंने 2021 में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। बेन सियर्स के साथ न्यूजीलैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज विल ओरूर्के भी यॉर्कशायर टीम में शामिल होंगे, जो इस साल के टी20 ब्लास्ट टूर्नामेंट में खेलेंगे। वहीं, क्लब ने सियर्स की तुलना न्यूजीलैंड के पूर्व यॉर्कशायर खिलाड़ी लॉकी फर्ग्यूसन से भी की है। बेन सियर्स ने अपने चयन पर खुशी जताते हुए कहा, मैं हेडिंग्ले पहुंचने और टीम के साथ खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। क्लब ने कुछ शानदार साइनिंग्स की हैं और मैं इसमें अपना योगदान देने के लिए तैयार हूं।

# स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स में भारत ने पहले दिन जीते चार पदक

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली


फोटोः हि.स.

इटली में चल रहे स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारतीय दल ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत की है। पहले ही दिन भारत ने कुल चार पदक अपने नाम किए, जिसमें दो स्वर्ण और दो रजत पदक हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और संकल्प का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए देश के लिए गौरव हासिल किया।

बारडोनेक्किया में मंगलवार को भारतीय एथलीटों ने अपने सभी छह खेलों में हिस्सा लिया, लेकिन दिन का इकलौता पदक इवेंट स्नोबोर्डिंग रहा। इस इवेंट में भारती और समीर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। हेम चंद और हर्षिता ठाकुर ने अपने डिवीजन के नोविस जायंट स्लालम फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किए। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए 30 एथलीटों और 19 सहयोगी स्टाफ सहित 49 सदस्यीय दल भेजा है। इस टूर्नामेंट में 102 देशों के लगभग 1500 एथलीट भाग ले रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों के माध्यम से समावेशिता और प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है। इस प्रतियोगिता के आठ खेलों को चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। ट्यूरिन में स्पीड स्केटिंग और फ्लोरबॉल के मुकाबले हो रहे हैं। सेस्ट्रियर में स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग का आयोजन किया जा रहा है, जबकि बारडोनेक्किया में स्नोबोर्डिंग और प्राजेलातो में क्रॉस कंट्री स्कीइंग की प्रतिस्पर्धाएं हो रही हैं।

# आयरलैंड के व्यस्त क्रिकेट समर का शेड्यूल जारी, अफगानिस्तान सीरीज रद्द

**नई दिल्ली**। क्रिकेट आयरलैंड ने मंगलवार (11 मार्च) को घोषणा की कि इस गर्मी में वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे महिला और पाकिस्तान महिला टीम आयरलैंड का दौरा करेंगी। इसके अलावा, आयरलैंड की महिला टीम अगले महीने पाकिस्तान में 4 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होने वाले वनडे विश्व कप क्वालीफायर में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, थाईलैंड और स्कॉटलैंड के खिलाफ खेलेगी। आयरलैंड वॉल्व्स की टीम 7 अप्रैल से 25 अप्रैल तक यूएई में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी, जिसमें अफगानिस्तान ए और श्रीलंका ए भी शामिल होंगी। इसके बाद, आयरलैंड की पुरुष टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी, जो 21 मई से 25 मई तक क्लॉनटर्फ में आयोजित होंगे। फिर, 12 जून से 15 जून तक क्लॉनटर्फ में ही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद, जुलाई और अगस्त के बीच 15 जुलाई से 18 अगस्त तक यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग आयरलैंड में होगी, जिसमें आयरलैंड के खिलाड़ी भाग लेंगे।

# टाइगर वुड्स की हुई एकिलीज टेंडन सर्जरी, वापसी को लेकर अनिश्चितता बरकरार

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली


फोटोः हि.स.


गोल्फ के दिग्गज खिलाड़ी टाइगर वुड्स को एक और झटका लगा है। मंगलवार को उन्होंने अपने बाएं एकिलीज टेंडन की सर्जरी करवाई, जिससे उनकी वापसी पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। वुड्स ने बताया कि यह चोट फ्लोरिडा के जुपिटर में घर पर ट्रेनिंग के दौरान लगी। वुड्स ने सोशल मीडिया पर कहा, जैसे ही मैंने अपनी ट्रेनिंग और प्रैक्टिस बढ़ाई, मुझे बाएं एकिलीज में तेज दर्द महसूस हुआ। जांच में पता चला कि यह पूरी तरह से फट चुका है। आज सुबह वेस्ट पाम बीच, फ्लोरिडा के 'हॉस्पिटल फॉर स्पेशल सर्जरी' में डॉ. चार्लटन स्टकन ने मेरी सर्जरी की, जो सफल रही। डॉ. स्टकन ने भी पुष्टि की कि ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा, लेकिन वुड्स की वापसी को लेकर कोई स्पष्ट समयसीमा नहीं दी गई है। वुड्स 15 बार के मेजर चैंपियन हैं और लगातार चोटों और सर्जरी से जूझ रहे हैं। पिछले साल उन्होंने अपनी छठी पीठ की सर्जरी करवाई थी और वह अब भी 2021 की कार दुर्घटना के प्रभावों से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी यह ताजा सर्जरी अगले महीने होने वाले प्रतिष्ठित द्यमास्टर्सð टूर्नामेंट से बाहर कर सकती है, जिससे उनके करियर पर और असर पड़ सकता है। वुड्स ने इस सप्ताह टीपीसी सॉग्रास में 'द प्लेयर्स चैंपियनशिप' में हिस्सा नहीं लिया था। इसके पीछे उन्होंने हाल ही में अपनी मां के निधन और अभ्यास की कमी को वजह बताया था। उनका आखिरी आधिकारिक टूर्नामेंट '2024 ओपन चैंपियनशिप' था, जहां वह कट में जगह नहीं बना सके थे।



# भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंगों को देखने के लिए इन जगहों पर जाकर होली के त्यौहार को बनाएं यादगार

होली भारत का एक ऐसा रंगीन और हर्षोल्लास से भरा पर्व है, जिसे हर कोई बड़े धूमधाम से मनाता है। इस दिन लोग अपने मित्रों और परिवार के साथ मिलकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं और मिठाइयां खाते हैं। होली का त्यौहार खासतौर पर बाहर घूमने का सबसे अच्छा समय होता है, क्योंकि सड़कों व पार्कों में रंगों की बौछार होती है। हर दिशा में उल्लास का माहौल रहता है। जब होली में आप बाहर निकलते हैं तो हर व्यक्ति आपको हंसते-मुस्कुराते हुए रंगों से सजे नजर आते हैं। गालों पर गुलाल, हाथों में रंग और चेहरे पर खुशी की चमक देखकर दिन बन जाता है। हालांकि, बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो होली के मौके पर ट्रैवल करना पसंद करते हैं। आज हम आपको भारत के कुछ ऐसे शहरों के बारे में बताएंगे, जहां आपका होली का त्यौहार यादगार बन जाएगा।

## मथुरा और वृंदावन, उत्तर प्रदेश



मथुरा और वृंदावन को होली का सबसे पारंपरिक और धार्मिक स्थल माना जाता है। यह भगवान कृष्ण की जन्मस्थली है, और यहाँ की होली बेहद प्रसिद्ध है।

**विशेष आकर्षण**

**लट्ठमार होलीः** बरसाने में महिलाएं पुरुषों पर लाठियों से प्रहार करती हैं, और पुरुष ढाल से अपनी रक्षा करते हैं। यह एक अनोखा और मजेदार अनुभव है।

**फूलों की होलीः** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में फूलों से होली खेली जाती है।

## जयपुर, राजस्थान




जयपुर में होली का उत्सव राजसी ठाठ के साथ मनाया जाता है। यहां की होली में सांस्कृतिक कार्यक्रम और राजपूताना परंपराएं देखने को मिलती हैं।

**विशेष आकर्षण**

**रॉयल होली सेलिब्रेशनः** सिटी पैलेस और हवा महल में आयोजित होली समारोह में पारंपरिक नृत्य, संगीत और रंगों की बहार होती है।

**गणगौर और होली का संयुक्त उत्सवः** होली के बाद गणगौर का त्योहार भी धूमधाम से मनाया जाता है।

## उदयपुर, राजस्थान



उदयपुर में होली का उत्सव झीलों और महलों की पृष्ठभूमि में मनाया जाता है, जो इसे और भी खास बनाता है।

**विशेष आकर्षण**

**होलिका दहनः** पिछोला झील के किनारे होलिका दहन का आयोजन होता है।

**रॉयल होली पार्टीः** लक्जरी होटल्स और महलों में होली पार्टियां आयोजित की जाती हैं।

## शिमला, हिमाचल प्रदेश



शिमला में होली का उत्सव ठंडे मौसम और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मनाया जाता है। यहां की होली शांत और सुकून भरी होती है।

**विशेष आकर्षण**

**प्राकृतिक सौंदर्यः** बर्फ से ढके पहाड़ और हरे-भरे जंगल होली के रंगों को और भी खूबसूरत बनाते हैं।

**स्थानीय संस्कृतिः** हिमाचल की स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का अनुभव कर सकते हैं।

## पुष्कर, राजस्थान



पुष्कर में होली का उत्सव शांत और आध्यात्मिक माहौल में मनाया जाता है। यहां की होली में संगीत और ध्यान का विशेष महत्व है।

**विशेष आकर्षण**

**संगीत और ध्यानः** पुष्कर में होली के दौरान संगीत और ध्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**पुष्कर झीलः** झील के किनारे होली खेलने का अनुभव अद्वितीय है।

## गोवा



गोवा में होली का उत्सव समुद्र तटों और पार्टियों के साथ मनाया जाता है। यहां की होली में आधुनिकता और पारंपरिकता का मिश्रण देखने को मिलता है।

**विशेष आकर्षण**

**बीच पार्टीजः** गोवा के समुद्र तटों पर होली पार्टियां आयोजित की जाती हैं।

**शगुन और मस्तीः** गोवा की होली में शगुन और मस्ती का विशेष महत्व है।

## हैप्पी होली मेले, दिल्ली



दिल्ली में होली का उत्सव बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। यहां कई होली मेले और पार्टियां आयोजित की जाती हैं।

**विशेष आकर्षण**

**होली मेलेः** दिल्ली के विभिन्न पार्कों और स्थानों पर होली मेले आयोजित किए जाते हैं।

**संगीत और डांसः** होली के दौरान संगीत और डांस के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## आनंदपुर साहिब, पंजाब



आनंदपुर साहिब में होली का उत्सव 'होला मोहल्ला' के रूप में मनाया जाता है। यह सिखों का एक प्रमुख त्योहार है, जो होली के एक दिन बाद शुरू होता है।

**विशेष आकर्षण**

**मार्शल आर्ट्स और कविताः** होला मोहल्ला में मार्शल आर्ट्स, कविता और संगीत के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

**निशानेबाजी और घुड़सवारीः** सिख योद्धाओं की निशानेबाजी और घुड़सवारी का प्रदर्शन देखने को मिलता है।

## कोलकाता, पश्चिम बंगाल



कोलकाता में होली का उत्सव 'डोल जात्रा' या 'डोल पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। यहां की होली में संगीत और नृत्य का विशेष महत्व है।

**विशेष आकर्षण**

**राधा-कृष्ण की झांकीः** शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी निकाली जाती है।

**संगीत और नृत्यः** होली के दौरान संगीत और नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## रानखंड, उत्तराखंड



रानखंड में होली का उत्सव प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण के बीच मनाया जाता है। यहां की होली में स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का अनुभव कर सकते हैं।

**विशेष आकर्षण**

**प्राकृतिक सौंदर्यः** रानखंड के पहाड़ और जंगल होली के रंगों को और भी खूबसूरत बनाते हैं।

**स्थानीय संस्कृतिः** स्थानीय लोगों के साथ होली खेलने का अनुभव अद्वितीय है।

# राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने संसद में उठाया भूजल उपयोग और संरक्षण का मुद्दा

## केंद्र की मिशन अमृत सरोवर योजना के जरिए 75 अमृत सरोवरों का किया जाएगा निर्माण और जीर्णोद्धारः केंद्र द्वारा जारी आंकड़े

संवाददाता
मोहाली

भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा कृषि में सिंचाई की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत सरकार कृषि के लिए सिंचाई आपूर्ति, जल उपलब्धता के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। केंद्रीय सरकार के मास्टर प्लान में वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण के लिए 1.42 करोड़ संरचनाओं के निर्माण के माध्यम से मानसून जल (185 बिलियन क्यूबिक मीटर) का उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, केंद्रीय भूजल बोर्ड ने देश में लगभग 25 लाख वर्ग किलोमीटर के संपूर्ण मानचित्रण योग्य क्षेत्र में राष्ट्रीय जल मानचित्रण परियोजना को भी पूरा कर लिया है और केंद्र सरकार के मिशन अमृत सरोवर के तहत प्रत्येक ग्रामीण जिले (दिल्ली, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप को छोड़कर) में

**सरकार ने देश में 1.42 करोड़ वर्षा जल संचयन और कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाएं बनाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया हैः केंद्रीय मंत्री राज भूषण चौधरी**



75 अमृत सरोवर का निर्माण और जीर्णोद्धार किया जाएगा। यह जानकारी केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू द्वारा देश में जल संरक्षण के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों के संबंध में उठाए गए प्रश्न के उत्तर में साझा की।

जल शक्ति राज्य मंत्री ने अपने उत्तर में आंकडे साझा करते हुए कहा कि पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत पंजाब में कंडी नहर विस्तार परियोजना (चरणप्प) तथा प्रथम पटियाला फीडर एवं कोटला शाखा परियोजना का पुनर्वास नामक दो परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जिनसे नहरों के माध्यम से 1.15 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता बढ़ी है। इसके अलावा पंजाब में शाहपुर कंडी बांध परियोजना, राजस्थान फीडर की रीलाइनिंग तथा सरहिंद फीडर की रीलाइनिंग नामक तीन अन्य परियोजनाएं चल रही हैं। जिसमें 1.43 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता बहाल की गई है। पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की चार परियोजनाओं में से मध्य गंगा नहर (चरण-प्प) पश्चिमी उत्तर प्रदेश को लाभान्वित कर रही है। उत्तर प्रदेश में इस परियोजना में नहरों के माध्यम से 1.10 लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता बढ़ गई है।

संसद सत्र के दौरान राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने कृषि के लिए सिंचाई आपूर्ति, उपलब्ध जल के सुधार, कुशल उपयोग तथा भूजल पर बोझ को कम करने के लिए सतही जल संसाधनों जैसे नहरों, टैंकों आदि के पुनर्वास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा माँगा था। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नहर के नीचे की कमान बढ़ाने के लिए सतही जल आपूर्ति बढ़ाने के बारे में सरकार की भविष्य की योजना के बारे में भी जानकारी मांगी थी। जल शक्ति राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की जानकारी दी है, जिसमें त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी) और हर खेत को पानी (एचकेकेपी) दो प्रमुख घटक शामिल हैं, जो जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित है। एचकेकेपी में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन (सीएडीओरडब्ल्यूएम), सतही लघु सिंचाई (एसएमआई), जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और बहाली (आरआरआर), और भूजल (जीडब्ल्यू) विकास शामिल है। 2016 में, संशोधित। इसके अतिरिक्त, दिसंबर 2021 में, भारत सरकार ने 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दी।

# सीजीसी लांडरां के हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट कॉलेज सीसीएचएमसीटी और स्टारबक्स के बीच एमओयू

संवाददाता
मोहाली




सीजीसी लांडरां के चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (सीसीएचएमसीटी) ने दुनिया की सबसे बड़ी कॉफीहाउस चेन, स्टारबक्स के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस कोलैबोरेशन के तहत, इवैल्यूएशन प्रोसेस के बाद, सीसीएचएमसीटी के छात्रों को स्टारबक्स के साथ छह महीने की रिटेनरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, उन्हें विशेष ट्रेनिंग प्रोग्राम्स में हिस्सा लेने का भी मौका प्राप्त होगा, जो उनके प्रैक्टिकल स्किल्स को निखारने, नई टेक्नोलॉजी की समझ विकसित करने और भारत के तेजी से बढ़ते कॉफी सेक्टर में रोजगार की संभावनाओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। यह साझेदारी अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच के गैप को खत्म कर स्टूडेंट्स को उनके लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेगा। रेडसीर स्ट्रेटेजी कंसल्टेंट्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, ष्भारत का आउट-ऑफ-होम कॉफी बाजार 2028 तक 2.6 डॉलर से 3.2 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 15-20 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) होगी। यह वृद्धि कॉफी को एक जीवनशैली विकल्प के रूप में बढ़ती स्वीकृति और प्रीमियम कॉफी सेगमेंट के विस्तार से प्रेरित होगी। इस इंडस्ट्री की अनुमानित वृद्धि हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट के छात्रों के लिए करियर की संभावनाओं को बढ़ावा देती है। ग्लोबल लेवल पर कॉफी की खपत में वृद्धि अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसरों के द्वार खोलती है, जिससे प्रशिक्षित पेशेवरों की प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी चेन में भारी मांग बनी रहने वाली है। इसके अलावा, मार्किट एक्सपेंशन से विशेष रूप से कॉफीहाउस मैनेजमेंट, बारिस्ता एक्सपरटाइज, स्टोर मैनेजर, कॉफी मास्टर और सप्लाई चौन प्रोफेशनल्स जैसे क्षेत्रों में करियर के नए अवसर उत्पन्न होते हैं, जिससे कैफे कल्चर और क्विक-सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) ऑपरेशन्स में वृद्धि होती है। मानसी चौधरी, एचआर स्पेशलिस्ट, स्टारबक्स ने कहा, ष्सीजीसी के छात्रों के साथ बातचीत करना एक बहुत पॉजिटिव अनुभव रहा। उन्होंने हमारी संचालन प्रक्रिया और स्टारबक्स द्वारा प्रदान किए जाने वाले करियर अवसरों में गहरी रुचि और सहभागिता दिखाई। डॉ. विमल कुमार, डायरेक्टर प्रिंसिपल, सीसीएचएमसीटी, सीजीसी लांडरां ने कहा कि यह एमओयू छात्रों को कॉफीहाउस ऑपरेशन में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्राप्त करने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा, जो उन्हें भारत और विदेशों में करियर के लिए तैयार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह समझौता सीसीएचएमसीटी की इंडस्ट्री-रिलेवेंट एजुकेशन प्रदान करने और बढ़ते हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में ग्रेजुएट की रोजगार क्षमता बढ़ाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

# एसीबी की टीम ने आरोपी को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया

संवाददाता
चंडीगढ़



ए.सी.बी हिसार की टीम को शिकायतकर्ता पूजा पुत्री श्री कुरड़ाराम निवासी गांव साहलेवाला, तहसील तोशाम, जिला भिवानी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह महिला एवं बाल विकास विभाग, भिवानी में बतौर महिला सुपरवाईजर तैनात है। उसका citizen NPS Account बना हुआ था। उसके पास Employee NPS Account न होने के कारण उसका माह जनवरी व फरवरी 2025 का वेतन नही बना। महिला एंवं बाल विकास विभाग भिवानी द्वारा उसके citizen NPS Account को Employee NPS Acount में बदलवाने के लिये ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी को लिखा गया है। इस कार्य के लिये वह ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी में तैनात कर्मचारी प्रवीन कुमार से मिली। प्रवीन कुमार ने उससे कहा कि आप पवन कुमार, वशिष्ठ सॉल्युशन शॉप, नजदीक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिवानी से मिल लो तो वह आपको इस कार्य होने बारे सब बता देगा। उसके उपरान्त प्रवीन कुमार, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के कहे अनुसार वह आरोपी पवन कुमार उपरोक्त से मिली तो उसके द्वारा उसके कार्य करवाने के लिये आरोपी प्रवीन कुमार उपरोक्त के लिये 2500/-रू. बतौर रिश्वत की मांग की गई। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये ए.सी.बी. की हिसार टीम द्वारा आरोपी पवन कुमार पुत्र श्री भगवान निवासी गली न0 11, संचालक वशिष्ठ सॉल्युशन शॉप, भिवानी को शिकायतकर्ता पूजा उपरोक्त से 2500/- रुपए रिश्वत राशी लेते रंगे हाथों गिरफतार किया तथा इस प्रकरण में पवन कुमार के सगे भाई आरोपी प्रवीन, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी को भी गिरफतार किया गया है।



**बुधवार को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब राजभवन में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। उन्होंने पंजाब राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक समूह फोटो भी खिंचवाई, जिससे यह अवसर सचमुच यादगार बन गया।**




## संक्षिप्त-समाचार

### भ्रष्टाचार के आरोप में महिला सिपाही के विरूद्ध चालान पेश

**चंडीगढ़।** शिकायतकर्ता रामपाल, वासी कैथल द्वारा दिनांक 7.6.2022 को ए.सी.बी. अम्बाला को दी गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके बेटे विशाल के विरूद्ध थाना सिविल लाईन, कैथल में दर्ज मुकदमा न. 192/2022 से उसके बेटे विशाल का नाम निकालने की ऐवज में मुकदमा की तफतीशी अधिकारी महिला मुख्य सिपाही महिन्द्रो देवी द्वारा उससे 8,000/- नकद रुपये बतौर रिश्वत राशी की मांग की गई है। दिनांक 07.06.2022 को शिकायतकर्ता की शिकायत पर ए.सी.बी. की अम्बाला टीम द्वारा कार्यवाही की गई। आरोपिया को ए.सी.बी. के रेड होने की आशंका पर वह मौके से फरार हो गई थी। इस प्रकरण में आरोपिया के विरूद्ध मुकदमा संख्या 08 दिनांक 07.06.2022 धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला में दर्ज किया गया था। अभियोग की तफतीश पूर्ण होने उपरान्त आरोपी महिला मुख्य सिपाही महिन्द्रो देवी के विरुद्ध दिनांक कल 11.03.2025 को धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत ए.सी.बी. अम्बाला द्वारा चालान (चार्जशीट) माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कैथल में दिया गया है।

### ए.सी.बी. ने भ्रष्टाचार आरोपी के विरूद्ध चार्जशीट दायर की

**चंड़ीगढ़।** शिकायतकर्ता औमप्रकाश सरपंच, गांव ढाणी खुहवाली, निवासी ढाणी माजरा, (पंचायत ढाणी खुहवाली के अधीन) जिला सिरसा द्वारा ए.सी.बी. हिसार को दी गई अपनी शिकायत दिनांक 17.01.2025 में आरोप लगाया था कि उसने गांव ढाणी माजरा में 1 कनाल जमीन गन्दे पानी की निकासी के लिए दान में दी थी। गन्दे पानी की निकासी के लिए 10 इंची च्टब 4ज्ञळ के 100 पाईप रविन्द्रा कम्पनी, सिरसा अनाज मण्डी से कुल 9,84,000/-रुपऐ में खरीद की गई थी। उपरोक्त पाईप खरीद राशी के बिल पास करने की एवज में उससे लवीश कुमार, कनिष्ट अभियन्ता, पंचायती राज, जिला सिरसा द्वारा 1,25,000/- रुपए (एक लाख पच्चीस हजार) नकद बतौर रिश्वत राशि की माँग की गई। दिनांक 17.1.2025 को शिकायतकर्ता की शिकायत पर ए.सी.बी. की हिसार टीम द्वारा रेड की कार्यवाही अमल में लाई गई। आरोपी को उस पर ए.सी.बी. की रेड होने की आशंका होने पर वह मौका से फरार हो गया था। इसके उपरान्त ए.सी.बी. टीम के द्वारा भरसक प्रयास करके आरोपी लवीश उपरोक्त को शिकातयकर्ता द्वारा उसके द्वारा मांगी गई रिश्वत राशी सम्बन्धित प्रकरण में की गई रिकार्डिग के आधार पर हाउसिंग बोर्ड बरवाला रोड, सिरसा से दिनांक 17.1.2025 को गिरफ्तार किया गया था तथा आरोपी लवीश कुमार, कनिष्ट अभियन्ता के विरूद्ध मुकदमा संख्या 01 दिनांक 17.01.2025 धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हिसार में दर्ज किया गया था। आरोपी अभी जेल मे बंद है। अभियोग की तफतीश पूर्ण होने उपरान्त आरोपी लवीश कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, पंचायती राज, सिरसा के विरूद्ध दिनांक कल 11.03.2025 को धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के तहत ए.सी.बी. हिसार द्वारा चालान (चार्जशीट) माननीय सत्र न्यायाधीश, न्यायालय सिरसा में दिया गया है।


### डीईओ एलीमेंटरी द्वारा विभिन्न स्कूलों का दौरा



**मोहाली।** शिक्षा मंत्री पंजाब हरजोत सिंह बैंस के आदेशों के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारियों को पहले दो घंटे फील्ड में रहना अनिवार्य है और आज जिला मोहाली के डीईओ एलिमेंट्री दर्शनजीत सिंह के निदेर्शों का पालन करते हुए उन्होंने आज यहां ब्लॉक माजरी के सरकारी प्राइमरी स्कूलों का दौरा किया। जानकारी देते हुए डिप्टी डीईओ एलिमेंट्री परमिंदर कौर ने बताया कि शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार डीईओ ने स्कूल प्रिंसिपलों व स्टाफ के साथ स्कूलों के बुनियादी ढांचे, दाखिला मुहिम, परीक्षाओं आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय प्राथमिक पाठशाला बहलोलपुर व मनाना के विद्यार्थियों से बातचीत की तथा शिक्षा के स्तर की जांच की।

# एसीबी ने रिश्वत लेते समय रंगे हाथों दबोचा

संवाददाता
चंडीगढ़



ए.सी.बी. की गुरूग्राम टीम द्वारा दिनांक 11 मार्च को आरोपी अशोक कुमार, स्टैनो सहायक श्रम आयुक्त, गुरूग्राम को शिकायतकर्ता जय सिंह निवासी मकान न. 11/1 बसई एन्क्लेव, गाडोली रोड, गुरूग्राम से 4,500/-रू. नकद बतौर रिश्वत राशी लेते समय रंगे हाथो गिरफतार किया गया है। इसके अतिरिक्त इस प्रकरण में शामिल प्रदीप कुमार, लेबर इंस्पेक्टर, कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, गुरूग्राम को भी उसके विरूद्व प्राप्त साक्ष्यो/तथ्यो के आधार पर गिरफतार किया गया है तथा उपरोक्त दोनो आरोपियो के विरूद्व अभियोग न. 7 दिनांक 11.3.2025 धारा 7 पी.सी. एक्ट, 1988 के तहत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरूग्राम में अभियोग अंकित किया गया है। आरोपियो को आज दिनांक 12.3.2025 पेश माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

शिकायतकर्ता द्वारा ए.सी.बी. गुरूग्राम को दी गई अपनी शिकायत मे आरोप लगाया कि उसकी सैक्टर 37 सी, गुरूग्राम में एक सर्विस प्रोवाइडर की दुकान है। इसके लिये उसके द्वारा प्दअमेज भ्तलंद की वेब साईट पर दुकान के लिये रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनवाने के लिये अप्लाई किया तो वेब साईट न चलने के कारण दुकान प्रमाण पत्र के लिये अप्लाई नही हो सका। इसके बाद उसने सहायक लेब कमिशनर कार्यालय में लेबर इंस्पेक्टर प्रदीप से फोन द्वारा सम्पर्क किया। प्रदीप लेबर इंस्पेक्टर ने कहा कि आप मेरे कार्यालय में तैनात स्टेनो अशोक से मिल लेना मै उसे फोन पर बता दूगा और प्रदीप श्रम निरीक्षक ने शिकायतकर्ता को अशोक स्टेनो के मोबाईल नम्बर व्हाटसअप पर भेज दिए। इसके बाद वह सहायक लेबर कमिशनर कार्यालय लघु सचिवालय में स्टेनो अशोक कुमार के पास दुकान का प्रमाण पत्र बनवाने के लिये गया तो अशोक कुमार द्वारा उसको दुकान का प्रमाण पत्र बनवाने की ऐवज मे उससे 6,000/-रू. नकद बतौर रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता द्वारा अशोक कुमार उपरोक्त को 1500/-रू. दिनांक 07.03.2025 को दे दिये गये और बाकी पैसे 4500/-रु बाद में देने बारे कहा गया। जिस पर दिनांक 11.03.2025 को आरोपी अशोक कुमार द्वारा 4500/-रु रिश्वत शिकायतकर्ता से लेते भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरूग्राम द्वारा रगें हाथो गिरफ्तार किया गया।

## होली मिलन समारोह माता मनसा देवी गोधाम में आज

**पंचकूला।** पंचकूला गौशाला ट्रस्ट एवं श्रीराम सेवादार ट्रस्ट की ओर से 13 मार्च वीरवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। माता मनसा देवी गोधाम मनसा देवी कंपलेक्स सेक्टर 4 पंचकूला में यह आयोजन होगा। पंचकूला गौशाला ट्रस्ट के प्रधान एवं पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने बताया कि शाम 5 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्री कृष्ण का रास नृत्य सभी का विशेष आकर्षण रहेगा। शाम 6 बजे होलिका दहन होगा और उसके बाद सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में हजारों लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर पंचकूला गौशाला ट्रस्ट एवं श्रीराम सेवादार ट्रस्ट के पदाधिकारी की बैठक हुई, जिसमें सभी तैयारियां को लेकर चर्चा हुई। कुलभूषण गोयल ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्री कृष्ण का रास नृत्य देखने की अपील की। इस अवसर पर डा. नरेश मित्तल, भूपिंद्र गोयल, कुसुम कुमार गुप्ता, तेजपाल गुप्ता, दीपक बंसल, मुकेश बंसल, राकेश गोयल, पुनीत बंसल, राज मित्तल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वॉकथॉन, जुम्बा सत्र व स्वास्थ्य वार्ता आयोजित



संवाददाता
चंडीगढ़

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई), जोनल ऑफिस और रीजनल ऑफिस, चण्डीगढ़ द्वारा महिलाओं के सम्मान में वॉकथॉन आयोजित की जिसमें जोनल हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में सभी महिला कर्मचारियों ने पोस्टर और बैनरों के साथ सुखना लेक तक वॉकथॉन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जुम्बा सत्र का भी आयोजन किया गया। अरविंद कुमार ने सभी महिला कर्मचारियों के बैंक व्यवसाय विकास में महत्वपूर्ण योगदान और पारिवारिक जिम्मेदारियों के संतुलन की सराहना की। इसके अलावा एक स्वास्थ्य वार्ता का भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मदरहुड अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनैना बंसल और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अरविन कौर ने की। डॉ. बंसल ने महिलाओं को उनके शरीर के स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया और मासिक धर्म स्वास्थ्य, गर्भनिरोधक उपाय और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी आवश्यक बातों पर मार्गदर्शन दिया। वहीं, डॉ. अरविंद ने महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों के अनुसार व्यायाम और विशेष चिकित्सा उपायों की जानकारी दी, जिससे दर्द से राहत और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## हीमोग्लोबिन पैथी और हीमोफीलिया' पर क्षमता-निर्माण कार्यशाला का आज आखिरी दिन

# हरियाणा के डॉक्टरोंको पीजीआई चंडीगढ़ में गंभीर रक्त विकारों के निदान का प्रशिक्षण

संवाददाता
चंउडीगढ़





पी.जी.आई. चंडीगढ़ के रक्त विज्ञान विभाग में पांचवीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन प्रायोजित 'हीमोग्लोबिन पैथी और हीमोफीलिया' पर क्षमता-निर्माण कार्यशाला, 10 से 13 मार्च तक आयोजित की जारही है। इस कार्यशाला में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए 40 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर (पैथोलॉजिस्ट, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोगविशेषज्ञ, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिनविशेषज्ञ और जिला नोडल अधिकारी) शामिल हैं, जिन्हें थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, हीमोफीलिया औरअन्य रक्तस्राव संबंधी विकारों जैसे गंभीर रक्त रोगों के प्रयोगशाला निदान औरउपचार का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रतिभागी डॉक्टर रोहतक, गुरुग्राम, अंबाला, भिवानी, फरीदाबाद, हिसार, पंचकूला, यमुनानगर, जींद, सिरसा, पानीपत और करनालसहित हरियाणा के प्रमुख शहरों से आए हैं।

प्रशिक्षण में रक्त विज्ञान, बाल रोग और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के विशेषज्ञोंद्वारा विस्तृत व्याख्यान, वास्तविक मामलोंपर चर्चा, और ऐसे रोगियों की देखभालसे संबंधित अस्पताल विभाग/ क्षेत्रों कादौरा शामिल है। ये आनुवांशिक विकार भारत के कई समुदायों में आम हैं, और इनका समय पर एवं सही निदान न केवल प्रभावित बच्चों केजन्म को रोक सकता है बल्कि रोग से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता मेंसुधार कर सकता है और संभावित जटिलताओं से बचा सकता है।

इन रोगों की देखभाल, जिसे पहले उपेक्षित किया जाता था, अब राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा प्राथमिकता के रूप में चिह्नित की गई है, क्योंकि समय पर किए गए हस्तक्षेप, महंगे उपचारात्मक उपायों की तुलना में अधिक किफायती औरप्रभावी रोकथाम प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. चेरी गुप्ता, संयुक्त निदेशक, हरियाणा राज्य रक्त संक्रमण परिषद, ने गंभीर आनुवंशिक विकारों के लिए स्वास्थ्य सेवा वितरणप्रणाली को मजबूत करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने बतायाकि स्वास्थ्य पेशेवरों और आम जनता को शिक्षित करके, गर्भवती महिलाओं और लक्षित आबादी की स्क्रीनिंग सुनिश्चितकरके, डे केयर केंद्रों कीस्थापना के साथ-साथ उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराकर, जैसे कि प्रसवपूर्व निदान और स्टेम सेल प्रत्यारोपण की सुविधाप्रदान कर, सरकार उन्नत चिकित्साकेंद्रों के सहयोग से इस दिशा में काम कर रही है।

डॉ. रीना दास, प्रोफेसर एवंप्रमुख, रक्त विज्ञान विभाग, पीजीआईएमईआर, ने कहा कि उन्नतचिकित्सा केंद्रों जैसे कि पीजीआईएमईआर पिछले साढ़े तीन दशकों से संदर्भित रोगियोंकी देखभाल कर रहा है, लेकिन इन रोगोंका अत्यधिक बोझ इस बात का संकेत देता है कि अधिक केंद्रों की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में, राष्ट्रीयस्वास्थ्य मिशन के साथ सहयोग करके जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और अब पांचवें संस्करण में हरियाणा के डॉक्टरों को प्रशिक्षित करना एक उत्साहजनक कदम है, जिससे रोगियों को लंबी दूरी की यात्रा किए बिना सेवाएं मिल सकेंगी।

# गांव सूरजपुर के ग्रामीणों की मांग पर संबंधित विभाग को नदी पर डंगे लगवाने के दिए निर्देश

**कटारिया ने जिला के लोगों से समाधान शिविर में पंहुचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने की करी अपील**

संवाददाता
पंचकूला



एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने गांव सूरजपुर के ग्रामीणों की नदी पर डंगे लगवाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को मौके का मुआयना कर रिपोर्ट प्रस्तुत कर व नदी पर डंगे लगवाने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री चंद्रकांत कटारिया हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित लघु सचिवालय के सभागार में आज आयोजित समाधान शिविर में जिला के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने जिला के 4 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका निवारण करने के निर्देश दिए।

कटारिया ने बताया कि हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया है। ये समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस के 10 से 12 बजे उपायुक्त कार्यालय पर आयोजित किए जा रहे है। हरियाणा के मुख्यमंत्री समाधान शिविर से स्वयं जुडते है व उनकी कार्रवाही की मोनिटरिंग करते है। उन्होंने जिला के लोगों से समाधान शिविर में पंहुचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने की अपील की। समाधान शिविर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, हरियाणा रोडवेज, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, सिंचाई, वन विभाग, मत्स्य विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियंत्रिकी विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।